


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 04, अंक 07 | ग्वालियर मंगलवार 23 फरवरी 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8




**मध्य प्रदेश में विधानसभा का बजट सत्र** | **राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने अभिभाषण में कहा**

# ओंकारेश्वर में बनेगी सबसे बड़ी बिजली परियोजना यूनिट

**भोपाल।**

**मध्य प्रदेश में विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू हुआ। सत्र की शुरुआत में भाजपा विधायक गिरीश गौतम को विधानसभा अध्यक्ष चुना गया। इसके बाद राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का अभिभाषण हुआ। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद विधानसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि विश्व बैंक ओंकारेश्वर में बिजली परियोजना की सर्वे करा रही है, जो दुनिया की सबसे बड़ी परियोजना रहेगी। राज्य सरकार ने वर्ष 2025 तक प्रदेश में 65 लाख हैक्टेयर क्षेत्र को सिंचित करने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश के 20 जिलों में स्वामित्व योजना के तहत काम शुरू हो चुका है।**

प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा में 10 गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कोरोना काल में बेहतर काम किया। इस चुनौती का बेहतर तरीके से सामना किया। पीपीई किट, टेस्टिंग किट और अस्पतालों में कोरोना संक्रमितों के लिए बेड का प्रबंधन समय रहते किया। फ्रंट लाइन वर्कर्स और कोरोना योद्धाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर जी-जान से काम किया। मजदूर सहायता योजना शुरू की गई। आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश का रोडमैप लागू किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कोरोना काल में बेहतर काम किया। इस चुनौती का बेहतर तरीके से सामना किया। पीपीई किट, टेस्टिंग किट और अस्पतालों में कोरोना संक्रमितों के लिए बेड का प्रबंधन समय रहते किया। फ्रंट लाइन वर्कर्स और कोरोना योद्धाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर जी-जान से काम किया। मजदूर सहायता योजना



शुरू की गई ।आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश का रोडमैप लागू किया। सरकार ने सीएम हेल्प लाइन योजना का विस्तार किया गया। कोरोना काल में रेहड़ी पटरी वालों का रोजगार खत्म हो गया था। सरकार ने स्ट्रीट वेंडर्स योजना लागू कर 10-10 हजार रुपए बिना ब्याज के लोन उपलब्ध कराकर उन्हें फिर से जीवन यापन का रास्ता खोला। 384 केस भूमाफिया के खिलाफ केस दर्ज किए गए। चिटफंड कपंनियों से 700 करोड़ रुपए पीड़ितों को वापस कराए गए। सरकार ने अभियान चलाकर करीब 8 हजार करोड़ रुपए की अवैध कब्जे की जमीन मुक्त कराई है। धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम लागू किया गया। भू स्वामित्व योजना लागू की गई। जिसमें ग्रामीणों को जमीन मालिक बनाने का काम सरकार ने किया। राज्यपाल ने बताया कि सड़कों के नेटवर्क के सुधार का काम तेजी से किया जा रहा है। 2 हजार किलोमीटर लंबी सड़कें पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई गई है। 1,700 किमी से ज्यादा सड़कों का नवीनीकरण किया गया है। 2021-22 में 5 हजार किमी से ज्यादा सड़कों का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री कल्याण योजना शुरू कर प्रदेश के किसानों के 4-4 हजार रुपए दिए जा रहे हैं। अब तक 35 लाख किसानों के खाते में 2-2 हजार रुपए ट्रांसफर किए जा चुके हैं। किसानों के खातों में विभिन्न योजनाओं के तहत 83 हजार करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए। किसानों के लिए बिजली की उपलब्धता को लेकर काम किया जा रहा है 300 मेगावाट की उपलब्धता को बढ़ाया गया है। राज्यपाल ने कहा कि पीएम मोदी जी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। 11 महीने पहले शुरू हुए कोरोना काल मे मेरी सरकार में आर्थिक परेशानी के बाद भी तेजी से काम किया। कोरोना होने के बाद भी सरकार ने जनहित में तेजी से काम किए। राज्य सरकार ने 1 लाख 85 हजार प्रवासी मजदूर की मदद के लिए उनके खाते में पैसे डाले गए। 51 हजार से ज्यादा लोगों का राजमिस्त्री के ट्रेनिंग दी गई है। सहकारी बैंकों को लगभग 800 करोड़ रुपए की सहायता दी गई है।

---

**राजनीतिक तापमान के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा**

## मातृबांग्ला ने बाघ की तरह लड़ना सिखाया, मुझे कोई नहीं हरा सकता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बढ़ते राजनीतिक तापमान के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि उन्हें जेल से या किसी अन्य चीज से नहीं डराया जा सकता। उन्होंने कहा उनकी मातृबांग्ला ने उन्हें बाघ की तरह लड़ना सिखाया है। वह चूहों से नहीं डरतीं। किसी व्यक्ति या किसी राजनीतिक दल का नाम लिए बिना ममता ने कहा उन्होंने हारना नहीं सीखा है। ममता बैनर्जी ने कहा कि हमें जेल से डराने की कोशिश न करें, हमने बंदूकों के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। वह चूहों के खिलाफ लड़ने से नहीं डरते। मुख्यमंत्री ने यहां अंतरराष्ट्रीय मातृदिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम में कहा जब तक मैं जीवित हूं, मैं किसी डर या धमकी से नहीं डरने वाली। इस कार्यक्रम से पहले केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मुख्यमंत्री के भतीजे एवं लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी की पत्नी और साली को कोयला चोरी के मामले में नोटिस थमाकर जांच में शामिल होने को कहा। उन्होंने कहा वह ऐतिहासिक 21 फरवरी के दिन सभी चुनौतियों को स्वीकार करती हैं। बनर्जी ने कहा विधानसभा चुनाव में मुकाबला होने दीजिए, देखते हैं किसकी शक्ति ज्यादा है।



---

## पुडुचेरी: विश्वास मत के दौरान सीएम नारायणसामी ने खोया बहुमत, सौंपा इस्तीफा

**पुडुचेरी। पुडुचेरी में सीएम नारायणसामी की कांग्रेसनीत सरकार का भविष्य निर्धारित करने के लिए विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र बुलाया गया था। इस दौरान उप राज?यपाल के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री वी नारायणसामी ने सदन में विश्वास मत प्रस्ताव पेश किया। मुख्यमंत्री ने सदन को बताया कि उनकी सरकार के पास बहुमत है। हालांकि बाद में नारायणसामी की सरकार ने विश?वास मत के दौरान बहुमत खो दिया है। इसके बाद उन?होंने उप राज?यपाल को अपना इस?तीफा सौंप दिया है।**

वहीं विश?वास मत पेश करने से पहले उन?होंने पूर्ण राज?य की मांग की थी। साथ ही पूर्व उप राज?यपाल किरण बेदी और भाजपा की केंद्र सरकार पर उनकी सरकार गिराने का आरोप लगाया। पुडुचेरी की नवनियुक्त उप राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने मुख्यमंत्री वी नारायणसामी को विधानसभा में बहुमत साबित करने का निर्देश दिया है। विपक्ष के सत्तारूढ़ कांग्रेस-द्रमुक गठबंधन के बहुमत खोने का दावा करने के बाद उप राज्यपाल ने यह निर्देश दिया है। कांग्रेस के विधायक के लक्ष्मीनारायणन और द्रमुक के विधायक वेंकटेशन के रविवार को इस्तीफा देने के बाद 33 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस-



द्रमुक गठबंधन के विधायकों की संख्या घटकर 11 हो गई है, जबकि विपक्षी दलों के 14 विधायक हैं। पूर्व मंत्री ए नमसिवायम (अब भाजपा में) और मल्लाडी कृष्ण राव समेत कांग्रेस के चार विधायकों ने इससे पहले इस्तीफा दिया था, जबकि पार्टी के एक अन्य विधायक को अयोग्य ठहराया गया था। नारायणसामी के करीबी ए जॉन कुमार ने भी इस सप्ताह इस्तीफा दे दिया था। मुख?यमंत्री वी नारायणसामी ने विधानसभा में कहा कि विधायकों को पार्टी के लिए ईमानदार रहना चाहिए। जो विधायक पार्टी से इस?तीफा दे चुके हैं वे लोगों का सामना नहीं कर पाएंगे क?योंकि लोग उन?हें मौकापरस?त कह रहे हैं। मुख?यमंत्री वी नारायणसामी ने सदन में कहा कि तमिलनाडु और पुडुचेरी में हम दो भाषा प्रणाली का इस?तेमाल करते हैं। लेकिन भाजपा जबरन यहां हिंदी को लाना चाह रही है। मुख?यमंत्री वी नारायणसामी ने विश?वास मत प्रस?ताव के दौरान विधानसभा में पूर्व उप राज?यपाल किरण बेदी और भाजपा की केंद्र सरकार पर भी कई आरोप लगाए। उन?होंने कहा कि किरण बेदी और केंद्र सरकार विपक्ष के साथ मिलकर हमारी सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है। केंद्र सरकार ने हमारी सरकार द्वारा मांगे गए फंड को न देकर पुडुचेरी के लोगों के साथ धोखा किया है। वी नारायणसामी ने कहा कि हमने डीएमके और निर्दलीय विधायकों के समर्थन से सरकार बनाई। उसके बाद हमने कई चुनाव देखे। हमने सभी उप चुनाव जीते। यह साफ है कि पुडुचेरी के लोग हमपर भरोसा करते हैं। सीएम नारायणसामी और सत्तारूढ़ पार्टी के अन्य विधायकों ने विश्वास मत पर मतदान से पहले सदन से बहिर्गमन किया।

---

**अशोक गहलोत बोले- विधायकों को इस्तीफ़ा दिलवाना**

## भाजपा का सत्ता हथियाने का नया तरीका है!

**जयपर।** बहुमत परीक्षण में नाकामयाब रहने के बाद पुड्डुचेरी के मुख्यमंत्री वी. नारायणसामी ने उपराज्यपाल को इस्तीफा सौंपा दिया है. इसके बाद राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने बीजेपी की सियासी जोड़तोड़ की राजनीति पर निशाना साधते हुए कहा कि- पुड्डुचेरी में अनैतिक तरीके से कांग्रेस सरकार गिराकर बीजेपी ने दिखाया है कि वे सत्ता के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं. पहले वहां उपराज्यपाल के माध्यम से शासन चलाने में परेशानियां पैदा कीं और अब धनबल से सरकार गिरा दी. उन्होंने कहा- पहले कर्नाटक, फिर मध्य प्रदेश और अब पुड्डुचेरी में विधायकों को प्रलोभन देकर इस्तीफा दिलवाना भाजपा का गलत तरीके से सत्ता हथियाने का नया तरीका है. सीएम गहलोत ने यह भी कहा कि- बीजेपी ने राजस्थान में भी अनैतिक तरीकों से सत्ता हथियाने का प्रयास किया जिसका यहां की जनता ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया.भाजपा इन तौर तरीकों से लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है. लोग इनकी चालों को समझ चुके हैं. आने वाले चुनावों में पुड्डुचेरी की जनता भाजपा को सबक सिखाएगी. उल्लेखनीय है कि कर्नाटक और एमपी की तरह राजस्थान में भी आपरेशन कमल चला था, लेकिन कामयाबी नहीं मिल पाई!



---

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 26वें हुनर हाट का औपचारिक उद्घाटन

**नई दिल्ली।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 26वें हुनर हाट का औपचारिक उद्घाटन जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम नई दिल्ली में किया जहां देश भर से हस्तशिल्पकार और कारीगर पहुंचे हुए हैं। लोकसभा सांसद श्रीमति मीनाक्षी लेखी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित थीं। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामले मंत्रालय सचिव पीके दास और अन्य वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य इस अवसर पर मौजूद थे। राजनाथ सिंह ने कहा, देश के हर हिस्से में बेहतरीन और अनोखा हुनर मौजूद है। हुनर हाट में शामिल हो रहे कारीगर न सिर्फ कला के उस्ताद हैं, बल्कि वे भाग्य के भी उस्ताद हैं। उन्होंने कहा कि हुनर हाट देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करके अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। मोदी सरकार देश के स्थानीय कारीगरों और हस्तशिल्पकारों को प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। हुनर हाट ऐसे ही कलाकारों और हस्तकला के हुनरमंद लोगों को एक मंच पर ला रहा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि हुनर हाट हमारी सांस्कृतिक कला और शिल्प का खूबसूरत प्रदर्शन होने के साथ साथ हमारी सांस्कृतिक बाहुलता का भी प्रतीक है।



---

## दुनिया में भारत के पक्ष को प्रभावी तरीके से रखने के लिए 'बौद्धिक क्षत्रिय' की जरूरत : भागवत

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने सत्य और ज्ञान आधारित विश्व बनाने के भारत के प्रयासों में 'बौद्धिक गुलामी' को मुख्य अवरोध बताते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में दुनिया में अपना पक्ष प्रभावशाली ढंग से रखने के लिए देश को 'बौद्धिक क्षत्रिय' की जरूरत है। सरसंघचालक ने महात्मा गांधी का उल्लेख करते हुए कहा हिन्दुत्व सत्य के सतत अनुसंधान का नाम है, ये काम करते-करते आज हिन्दू समाज थक गया है, सो गया है, परन्तु जब जागेगा, तब पहले से अधिक ऊर्जा लेकर जागेगा और सारी दुनिया को प्रकाशित कर देगा। 'ऐतिहासिक कालगणना- एक भारतीय विवेचन' पुस्तक का विमोचन करते हुए भागवत ने कहा कि सम्पूर्ण विश्व पर प्रभुत्व स्थापित करने को इच्छुक शक्तियां कमजोर देशों को अपने तरीके से प्रभावित करना चाहती हैं, कई देशों में लोगों को अपने तरीके से जीने की छूट नहीं है। ऐसे में बड़ी संख्या में लोगों को भारत ही एकमात्र ऐसा देश दिखता है, जहां उन्हें आश्वस्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि सत्य और ज्ञान आधारित विश्व बनाने के लिए संघर्ष अभी जारी है और इसमें मुख्य अवरोध 'बौद्धिक गुलामी' है।



---

**कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण मुख्यमंत्री ने ली बैठक** | **इंदौर और भोपाल में मास्क अनिवार्य, महाराष्ट्र से लगे जिलों में विशेष सतर्कता जरूरी**

# थोड़ी सी लापरवाही से कोरोना विकराल रूप धारण कर लेगा

**भोपाल।**

**मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना के संबंध में लगातार सतर्कता जरूरी है। थोड़ी सी लापरवाही विकराल रूप ले सकती है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इंदौर और भोपाल में तत्काल मास्क की अनिवार्यता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री चौहान ने महाराष्ट्र से लगे सभी जिलों में आने वाले व्यक्तियों का परीक्षण करने के निर्देश भी दिए। कोरोना की स्थिति की समीक्षा के लिए मंत्रालय में आयोजित बैठक में सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए गए कि वे अपने जिलों में क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की तत्काल बैठक कर जिला स्तर पर विद्यमान परिस्थितियों को देखते हुए आवश्यक सावधानी के संबंध में तत्काल निर्णय लें।**

बैठक में इंदौर और भोपाल से राज्य के अन्य भागों में होने वाले आवागमन पर सतर्कता के संबंध में भी विचार-विमर्श हुआ। महाराष्ट्र से लगे सभी जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना से बचाव की सावधानियाँ और रोको-टोको जैसी गतिविधियों पर ग्रामीण विकास विभाग सहित



समस्त शासकीय अमला तत्काल अभियान आरंभ करे। बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान, पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जौहरी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि शिवरात्रि के पर्व पर प्रदेश में लगाने वाले मेलों में सतर्कता और जागरूकता आवश्यक है। विशेषकर महाराष्ट्र से लगे जिलों में आयोजित होने वाले मेलों में सहभागिता के संबंध में आरटी पीसीआर के परीक्षण की अनिवार्यता पर भी विचार किया जाना चाहिये। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि शिवरात्रि के अवसर पर छिंदवाड़ा और बैतूल में लगने वाले मेलों में महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में लोग आते हैं। संबंधित जिलों के क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप बैठक कर मेलों के आयोजन और आवश्यक सावधानियों के संबंध में समय रहते निर्णय लें। जानकारी दी गई कि देश में केरल और महाराष्ट्र में कोरोना संक्रमण प्रभावितों की संख्या में वृद्धि हुई है। मध्यप्रदेश देश में नवें नंबर पर है। केरल में अब स्थिति नियंत्रण में है। राष्ट्रीय स्तर पर जहाँ महाराष्ट्र में 42 प्रतिशत और केरल में 33 प्रतिशत प्रकरण प्रतिदिन आ रहे हैं, वहीं मध्यप्रदेश में केवल 2 प्रतिशत ही प्रकरण आ रहे हैं। अपर मुख्य सचिव श्री मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि प्रदेश में पिछले हफ्ते से कोरोना पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में वृद्धि दिखाई दे रही है। पिछले सात दिनों में प्रतिदिन इंदौर में 110, भोपाल में 57, जबलपुर में 12 प्रकरण आ रहे हैं। इस अवधि में 773, भोपाल में 397 और जबलपुर में 85 प्रकरण रिपोर्ट हुए हैं। बैतूल, छिंदवाड़ा, बड़वानी, दमोह, सीधी, रतलाम और खरगौन में भी प्रकरण बढ़ रहे हैं।




# कैडिटों को 22 रायफल और एसएल रायफल के बारे में बताया



**पंकज त्रिपाठी**

भिण्ड (दैनिक पुष्पांजली टुडे)।जिला भिण्ड में चल रहे 30 म.प्र. बटालियन एनसीसी भिण्ड के तत्वाधान में आयोजित ''सी'' सर्टीफिकेट कैम्प के चौथे दिन कैम्प कमाण्डेंट कर्नल राजीव शर्मा ने कैडिटों एवं एनएनओ तथा पीआई स्टाफ कैम्प में सी सर्टीफिकेट कैडिटों को कोरोना-19 के बारे में सावधानी बरतने पर विशेष ध्यान देने हेतु बताया गया। इस कैम्प में तीस मारखां बटालियन के लिए कैडिटों को चयन कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा। उचित कैडिटों को 22 रायफल और एसएल रायफल के बारे में बताया तथा मैपरीडिंग डिल और फायरिंग के लिए अभ्यास कराया गया। कैम्प प्रशिक्षण में कैडिटों ने बढ-चढकर हिस्सा लिया। कैम्प प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु एवं एएनओ0 ले0 कौशलेन्द्र सिंह भदौरिया, ले0 दिनेश कुमार माहौर की एक टीम बनाई गई है कैम्प के पीआई स्टाफ सूबेदार मेजर बृजेश सिंह, वलराम सिंह, राजकुमार, सिया राम गुर्जर, राकेश सिंह भदौरिया, भगवान सिंह, सेना मैडल सुनील पान्डे, परसराम सिंह,जवाहर यादव, धासीराम जितेन्द्र सिंह, प्रदीप सिंह,

# गोरमी की मेहगांव रोड़ पर लग रही अवैध रूप से रेत मंडी

**संतोष सिंह भदौरिया**

सड़कों पर अवैध रेत और गिट्टी से भरे ओवरलोड ट्रक फर्राटे भरते नजर आ रहे हैं। जबकि अवैध उत्खनन और परिवहन को प्रशासन और खनिज विभाग रोकने का दावा कर रहा है। पुलिस और प्रशासन द्वारा अवैध रेत का व्यापार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## रोड़ पर लगती है रेत की मंडी:

गोरमी कस्बे की गल्ला मंडी में सुबह 5 बजे से रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली आना शुरू हो जाती हैं। इस दौरान यहां दर्जनों अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली इकट्टी हो जाती है। इस तरह यहां गोरमी क्षेत्र में माफियों के द्वारा अवैध रेत मंडी लगाकर रेत का व्यापार किया जा रहा है। इसके अलावा दिनभर सड़कों पर अवैध रेत और गिट्टी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्रक दौड़ते नजर आ रहे हैं।



**सड़क पर ही लगे है रेत गिट्टी के फड़-**

गोरमी के मेहगांव रोड़, कल्याण पूरा रोड़, कचनाव रोड़, पोरसा रोड़ पर रेत माफिया द्वारा सड़क पर ही रेत गिट्टी के फड़ लगा रखे है जिससे निकलने वाले वाहनों को काफी परेशानी होती है रेत सड़क पर होने के कारण कई हादसे हो जाते है मोटरसाइकिल बाले फिसलकर घायल हो चुके है ।प्रशासन नही कर रहा कार्यवाही- नगर की मुख्य सड़कों पर लग रही अबैध रेत मंडी से आये दिन हो रहे हादसे लेकिन फिर भी इन पर न तो नगर परिषद इन पर कार्यवाही कर रही है और न ही पुलिस। सड़क पर रेत से भरे ट्रेक्टर खड़े होने के कारण ट्रैफिक व्यवस्था भी गड़बड़ा रही है जिससे हमें काफी परेशानी हो है-राहुल भदौरिया निवासी सिलौली रेत गिट्टी व्यपारियो ने अपना सामान सड़क पर डाल रखा है जिससे दो पहिया वाहन रेत पर फिसलकर गिर जाते है और घायल हो रहे है फिर भी इन्हें यहाँ से नही हटाया जा रहा है -कुलदीप भदौरिया

## वाहनों से रहता है हादसा होने का डर

स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में दिन भरे बड़े वाहनों का आवागमन रहता है। जबकि अवैध रेत और गिट्टी से भरे वाहन तेज रफ्तार से निकलते हैं। जिससे लोगों हादसा होने का डर भी रहता है। क्योंकि वाहन चालक बहुत तेज वाहन चलाते है। इससे अनियंत्रित होकर हादसा होने का डर बना रहता है। जबकि कई बार इन्ही बड़े वाहनों से हादसा तक हो चुका है।

# ब्रेकिंग दतिया फर्जी पत्रकार के खिलाफ हुआ मामला दर्ज

दतिया कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार फर्जी पत्रकार मामला इस प्रकार है कि दिनांक 21.2 .21को फरियादी रवि रायकवार निवासी उनाव रोड दतिया जो वर्तमान में इंडिया टीवी का संवाददाता है के द्वारा रिपोर्ट किया कि की इंडिया टीवी चैनल के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार कर अनुज गुप्ता निवासी दतिया द्वारा फर्जी आईसी तैयार कर दतिया कस्बे में होर्डिंग लगा रहा है जो इंडिया टीवी चैनल को बदनाम कर अवैध वसूली कर इंडिया टीवी चैनल के साथ धोखाधड़ी कर रहा है जिस पर से थाना कोतवाली दतिया में अपराध क्रमांक 72 /21 धारा 420 467 468 471 आईपीसी का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है जिसमें आज श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय दतिया श्री अमन सिंह राठौर के मार्गदर्शन में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय दतिया एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय श्री सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली रविंद्र गुर्जर एवं उनकी टीम को आरोपी अनुज गुप्ता की गिरफ्तारी हेतु लगाया गया जिसमें थाना प्रभारी कोतवाली दतिया द्वारा आज दिनांक को फर्जी पत्रकार अनुज पुत्र अनिल गुप्ता उम्र 21 साल निवासी राजघाट कॉलोनी दतिया को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय दतिया में पेश किया जा रहा है फर्जी पत्रकार को गिरफ्तार करने में सराहनीय भूमिका निम्न अधिकारी एवं कर्मचारी की रही 1. निरीक्षक रविंद्र गुर्जर थाना प्रभारी कोतवाली दतिया 2. उप निरीक्षक एन एल शाक्य एवं टीम



# वूमेंस शील्ड वेलफेयर फाउंडेशन की चित्रकला प्रतियोगिता हुई सम्पन



**पुष्पांजली टुडे शिवपुरी।**

दिनांक 21 फरवरी 2021 रविवार को वूमेंस शील्ड वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा नोडल चाइल्ड लाइन रचना संस्था के सहयोग से पटेल पार्क में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसकी मुख्य अतिथि शिखा शर्मा जिला विधिक अधिकारी रहीं।जिसमे लगभग 60 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया इस प्रतियोगिता में 10 साल से ले कर 20 साल के बच्चों ने भाग लिया जिनके लिए 2 विषय रखे गए थे 10 साल से 15 साल के बच्चों के लिए प्रकति को ले कर विषय रखा गया था और 15 से 20 साल के बच्चों के लिए बालिका सुरक्षा (कैसे एक लड़की की सुरक्षा की जा सकती है।इस प्रतियोगिता के परिणाम कुछ इस प्रकार है प्रकति में पहले स्थान पर प्रत्याशा शर्मा,दूसरे स्थान पर अवनि गुप्ता और तीसरे स्थान पर हरिदिया सेंगर रहे वही बालिका सुरक्षा विषय में पहले स्थान पर मानसी गुप्ता,दूसरे स्थान पर साहिबा,और तीसरे स्थान पर प्रिया गुप्ता रही। साथ ही चाइल्ड लाइन की सिटी कॉर्डिनेटर द्वारा उपस्थित बच्चों को बच्चों के अधिकार के बारे मैं और चाइल्ड लाइन 1098 के बारे मैं जानकारी दी।इस प्रतियोगिता में पटेल पार्क के संरक्षक अशोक अग्रवाल जी,अग्रवाल सेल्स से पुनीत अग्रवाल,इंस्पायर अकादमी से विशेषांक शर्मा,नालंदा अकादमी से अक्षत बंसल व वूमेंस शील्ड वेलफेयर फाउंडेशन और नोडल चाइल्ड लाइन रचना संस्था की टीम मौजूद रही।

# सीएमआरआई द्वारा आउटडोर एयर प्यूरीफायर विकसित किया

**अमन राय ब्यूरो चीफ**

देश के सामने प्रदूषण एक बहुत बड़ी समस्या बनकर सामने आई है. केंद्र एवं राज्य सरकारो द्वारा इससे निजात पाने के लिए विभिन्न तरह के प्रयास किए जा रहे हैं. सरकार द्वारा पौधारोपण एवं पोलूशन को लेकर जागरूकता अभियान समय-समय पर किया जाता है. इसी कड़ी में प्रदूषण कम हो इसके लिए सीएमआरआई ने एक नया यंत्र तैयार किया है. आज दुर्गापुर के सीएमआरआई द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया था. प्रेस वार्ता में उपस्थित थे प्रदीप कुमार दास ज्वाइंट डायरेक्टर एमएसएमई, आरोप कुमार दे ऑफिसर इंचार्ज दुर्गापुर रीजनल ऑफिस एवं सीएमइआरआई के निर्देशक प्रोफेसर डॉ हरीश हिरानी. प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रोफेसर डॉ हरीश हिरानी ने बताया कि आउटडोर एयर प्यूरीफायर हम लोगों ने विकसित किया है.इसकी विशेषताएं यह है कि यह किसी भी लाइट पोस्ट पर लग सकता है या फिर किसी भी सोलर पैनल के साथ भी जोड़ा जा सकता है. यह 5 मीटर की दूरी तक एयर प्यूरीफायर कर सकता है. हम लोगों ने 2 महीने से इस यंत्र पर जांच कर रहे थे. उन्होंने बताया कि जांच में हम लोगों ने पाया कि इस कॉलोनी से बाहर जो प्रदूषण है उसे 50 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है. प्रदूषण ज्यादा होने के कारण अगर फिल्टर चोकिंग हो जाती है तो उसे वेक्यूम क्लीनर से उसे रीजेनरेट किया जा सकता है. इस यंत्र को क्लीन करने के लिए एक फ्यूज सिस्टम भी लगाया गया है. इस यंत्र की 30 हजार की लागत है. थोक में खरीदने से इसकी कीमत कुछ कम पड़ेगा.



# दतिया पुलिस ने फिर कसा जुआरियों पर शिकंजा



**25000 रूपये नगद व 7 मोटर साईकिल 2 मोबाईल जप्त**

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे दतिया।**

आखिर कार दतिया पुलिस ने फिर कसा शिकंजा जू गाड़ियों ओं पर ग्राम सलेतरा से 2 जुआरी जुआ खेलते पकडे 25000 रूपये नगद व 7 मोटर साईकिल ,2 मोबाईल जप्त दतिया पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर द्वार अवैध जुआ के विरूद्ध चलाये जा रहे धरपकड अभियान के तहत कमल सिह मौर्य अति. पुलिस अधीक्षक दतिया व एसडीओपी भाडेर मोहित यादव के कुशल मार्गदर्शन में* थाना प्रभारी भांडेर उप निरीक्षक श्री विजय लोधी की टीम को ग्राम सलेतरा पहुज नदी शंकर जी का मंदिर के पास बीहड मे खेले जा रहे जुआ को पकडने मे सफलता प्राप्त हुई । दिनाँक 20.02.21 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम सलेतरा पहुज नदी शंकर जी के मंदिर के निकट खेत मे कुछ लोग रूपये पैसो ,वाहनो से हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहै है सूचना पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना प्रभारी भांडेर उप निरीक्षक विजय लोधी को निर्देशित किया गया कि उक्त जुए पर कार्यवाही करे जिसके परिपालन मे थाना प्रभारी भांडेर मय फोर्स के ग्राम सलेतरा पहुंचे खेत मे झाडियो के पीछे छिपकर देखा तो कुछ लोग हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते दिखे सूचना पर पूर्ण इत्मिनान होने पर हमराही फोर्स की मदद से जुआ खेलते व्यक्तियो को पकडा नाम पता पूछा तो उन्होने अपना नाम संतोष पुत्र राजेन्द्र सिंह यादव उम्र 36 साल नि बमरोली थाना मौठ एव सीनू पुत्र रमजाने खान उम्र 34 साल नि. मातनपुरा थाना चिरगांव का होना बताये जिनके सामने फड से 25000 रूपये नगद व जुआ फड के बगल मे खडी 7 मोटर साईकिले , 02 मोबाईल जव्त की , कुछ लोग बीहड व अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये । उक्त कार्यवाही मे निम्न लोगो की सराहनीय भूमिका रही ।

# शिवपुरी के खतौरा कस्बे मे आज हुई विप्र समाज की बैठक संपन्न

**संजीव शर्मा रिपोर्टर खतौरा**

जिसमें मुख्य रुप से 28 फरवरी रविवार को गुना में श्री टेकरी सरकार हनुमान मंदिर पर होने वाले विप्र महासम्मेलन को लेकर चर्चा की गई जिसका आयोजन विप्र सेना मध्य प्रदेश द्वारा किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पंडित श्री सुनील तिवारी जी जयपुर( राष्ट्रीय अध्यक्ष बिप्र सेना ) होंगे। खतौरा में हुई मीटिंग में मुख्य रूप से पधारे मध्य प्रदेश प्रभारी श्री गौरव शर्मा श्री अशोक शर्मा जी( गुरुजी) श्री भानु पारीक जी कोलारस श्री अरविंद शर्मा जी जिलाध्यक्ष के सानिध्य में संपन्न हुई। इस अवसर पर मीटिंग में मंजू शर्मा शंभू शर्मा हेमंत शुक्ला अशोक शर्मा संजीव शर्मा केशव शर्मा अखिल शर्मा दुर्गेश शर्मा पंकज शर्मा रामकृष्ण शर्मा रामहित शर्मा अनुराग शर्मा( कल्लू महाराज) आदि लोग शामिल हुए।



# पिछले कई वर्षों बंद पड़ीं, गांव में नल जल योजना के लिए खोदी गई बोरवे

**अम्बाह भीमसेन तोमर**

प्रेसनोट भीमसेन सिंह तोमर थरा अम्बाह पिछले तीन-चार साल पहले गांव को नल जल योजना में शामिल होने के लिए गांव में खोदी गई बोरवेल प्रशासन की उदासीनता के चलते कूड़े, और कचरे के ढेर में शामिल हो चुकी है।। कुछ साल पहले इस बोर वेल के खुदने से गांव की आबादी , जो पीने के पानी के लिए हेडपंप पर निर्भर है। उसने बड़ी राहत की सांस, और खुशी का अहसास किया था। लेकिन समय के साथ साथ प्रशासन की उदासीनता के चलते हुए ग्रामीणों की दिन चर्या में कोई भी राहत का इंतजाम नहीं हुआ है ग्रामीण सुधीर कुशवाह के अनुसार जब गांव में नल-जल योजना के तहत बोर वेल खुदने का काम शुरू हुआ था तो लगा था कि अब हमें पीने के पानी के लिए सुविधा मिल सकेगी। लेकिन आज तीन चार साल बाद भी वह समस्या जस की तस बनी हुई है।। सुधीर कुशवाह। स्थानीय निवासी मौहल्ला कछियांत थरा जो वोर वेल गांव में खुदा हुआ है वह हमारे सेवा काल से पहले की योजना से संबंधित होगा। और अब गांव में नई योजना की तैयारी है हम इसका उपयोग उस योजना में कर लेंगे।।।। दिनेश शर्मा ,, इंजीनियर पी,एच ई अम्बाह, दिमनी विधानसभायात्रियों की सुविधा के लिए , विधायक निधि से स्थापित हुआ तैयार किया हुआ, यात्री प्रतिक्षालय प्रेसनोट।। भीमसेन सिंह तोमर थरा अम्बाह। दिमनी विधानसभा क्षेत्र कृमांक 07से विधायक निधि के द्वारा गांव में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आज ग्राम पंचायत थरा कार्यालय के पास , तैयार किया हुआ यात्री प्रतिक्षालय स्थापित किया गया । हम आपको बता दें कि थरा दिमनी विधानसभा क्षेत्र का गांव है और यहां से प्रतिदिन लगभग पांच से एक हजार यात्रियों का आवागमन होता है। ग्राम पंचायत थरा के साथ साथ इस गांव से संबंधित छोटे मोटे सात से आठ गांवों के लोगों के द्वारा भी आवा गमन होता है।।। यात्री प्रतिक्षालय स्थापित होने से अब हमें धूप, बरसात, ठंड में बाहर सड़क किनारे खड़े होने के बजाय यात्री प्रतिक्षालय में बैठने की सुविधा मिल सकेगी । जो संबंधित विधायक और प्रशासन का सराहनीय कार्य है धर्मेन्द्र कुशवाह थरा








# भगानाडा स्थित बाबा रामदेव के नाम भजन संध्या व मेला का आयोजन हुआ

**नेनाराम सिरवी रानी पाली**

जिले के पाली उपखंड क्षेत्र के ग्राम.भावरी. रुपावास मुख्य रोड पर स्थित.भगानाडा बाबा रामदेव के नाम भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया/जिसमें मेला आयोजित करके प्रसादी का भी आयोजन किया गया/रामदेव महाराज के नाम मंदिर प्रांगण से 21 फरवरी रात्रि 9:00 बजे महंत श्री मनमोहन दास महाराज के सानिध्य में भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया/जिसमें राजस्थान के जाने-माने लोक कलाकार नथाराम बंजारा .ढाबर. शकुर खान पाली एंड पार्टी द्वारा एक से एक बढ़ चढ़कर बाबा रामदेव के नाम पर जनों की प्रस्तुति दी गई/वही 22 फरवरी को भव्य मेला में मुख्य अतिथि को साफा व माला पहनाकर उनका जोरदार बहू मान कर मेले का शुभारंभ किया। मेले के दौरान बच्चों ने झूले एवं तरह-तरह की दुकानों पर भक्तजनों ने जमकर मेले के दौरान खरीदी की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पाली प्रधान मोहनी पुखराज पटेल पूर्व जिला परिषद सदस्य श्री देवी पटेल उप प्रधान प्रतिनिधि जोगाराम कुमावत गुंदोज भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश राम पटेल जयपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष जगदीश सिंह। किसान मोर्चा जिला प्रतिनिधि पुखराज पटेल। पटेल समाज के वरिष्ठ समाजसेवी हरि भाई पटेल। वरिष्ठ भामाशाह भबुता राम बिश्नोई दीपाराम बंजारा नरसिंह राम तेजाराम पटेल मोडाराम देवासी पेमाराम प्रजापत सहित कई भामाशाह उपस्थित रहे।






# नई शुरुआत सोशल फाउंडेशन के द्वारा संचालित आचार्यम एकेडमी द्वारा सम्मान समारोह संपन







**रश्मि चौहान**

**ग्वालियर।** नई शुरुआत सोशल फाउंडेशन के द्वारा आचार्यम एकेडमी का शुभारंभ एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम से संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कमल माखीजानी जिला अध्यक्ष भाजपा ग्वालियर व अतिथियो के रूप में आदरणीय डॉ नीति पान्डेय जी ( माधव कॉलेज महा विद्यालय) डॉ सोरभ श्रीवास्तव (ग्लोबल हास्पीटल ग्वालियर ) रहे आचार्यम एकेडमी का बिधिबत सरस्वती मां की दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ किया गया शुभारंभ के बाद सभी पत्रकार बन्धुयो व समाज सेवियों का सम्मान किया गया नई शुरुआत सोशल फाउंडेशन की अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की आयोजक एडवोकेट बरखा श्रीवास्तव एंव अथितियो के द्वारा पत्रकार बंधुओं का सम्मान किया सम्मान प्राप्त करने बालो मे आदरणीय भरत सिंह चौहान,रश्मि चौहान,सुरजीत राजावत रविंद्र पवैया,पबन कुमार अशोक सोनी,अनिरूद्ध त्रिपाठी , तथा पत्रकार कुलदीप केंन, एवं सभी सम्माननीय पत्रकार बंधुओं ने सम्मान प्राप्त किया कार्यक्रम की आयोजक व नई शुरुआत फाउंडेशन अध्यक्ष बरखा श्रीवास्तव जी ने बताया कि हमारी समिति ने आज आचार्य एकेडमी का शुभारंभ किया है उस अकैडमी में गरीब व निर्धन बच्चे पढ़ेंगे हमारे नई शुरुआत सोशल फाउंडेशन के सदस्यों के द्वारा कई दिनों से सामाजिक कार्यक्रम किए जा रहे हैं जिसमें कोरोना काल के दोरान जगह-जगह मास्क वितरण एवं गरीब निर्धन लोगों को खाना वितरण किया गया हमारी संस्था के सदस्यों के द्वारा आने वाले दिनों में भी निर्धन एवं बालक बालिकाओं के लिए हर संभव निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे हम अपनी संस्था के सदस्यों के द्वारा दिए जा रहे सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए बहुत आभारी है इस प्रकार की सराहनीय पहल जागृत सोसल फाउंडेशन द्वारा की गई जिसकी सभी समाजसेवियों व महानुभावों ने भूरि भूरि प्रशंसा की है तथा कार्यक्रम में नई शुरुआत सोशल फाउंडेशन के पदाधिकारीयो मे सचिव धर्मेन्द्र श्रीवास्तव निशा दिक्षित सचिन मेहरा प्रीति नगर निक्की माहौर शिव कटारे व सभी सम्मानीय सदस्य विशेष रूप से मौजूद रहे।



## विप्रा ब्राह्मण महिला मंच की बहनों ने दंदरौआ सरकार और रतनगढ़ वाली माता के दर्शन कर लोक कल्याण के लिए प्रार्थना की

**भिण्ड(अर्पित गुप्ता)**

विप्रा ब्राह्मण महिला मंच ग्वालियर की बहनो ने कोरोना प्रोटोकॉल के साथ दंदरौआ सरकार मां रतनगढ़ वाली के दर्शन किए एवं लोक कल्याण के लिए प्रार्थना की विप्रा ब्राह्मण महिला मंच की सभी बहने मनौती पूर्ण होने पर दंदरौआ सरकार और रतनगढ़ वाली माता के करने पहुंची थी इस मौके पर विप्रा महिला ब्राह्मण मंच की अध्यक्ष डॉ प्रतिभा चतुर्वेदी ने बताया कि हम लोगों ने लॉकडाउन के समय में दंदरौआ सरकार से मनौती मांगी थी इस करोना महामारी से विश्व को बचाया जाए व सभी को स्वस्थ रखा जाए। दंदरौआ सरकार ने हम सब बहनों की प्रार्थना को स्वीकार किया और आज हम इस करोना महामारी पर विजय पाते जा रहे हैं हमारी इस संकल्प को पूर्ण होने पर हम मां रतनगढ़ वाली के दरबार पर दंदरौआ सरकार के दरबार में प्रसाद वितरण और पूजा अर्चना करने आए हम सभी बहनों ने सरकार की कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए व सैनिटाइजेशन की सुरक्षा के साथ सभी ने मां रतनगढ़ वाली के दर्शन करते हुए हम दंदरौआ सरकार के दरबार में पहुंचे जहां सभी बहनों ने हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ किया वाह सोशल डिस्टेंसिंग के साथ बारी-बारी से सभी बहनों ने दंदरौआ सरकार के दर्शन कर जन जन के स्वास्थ्य की रक्षा की कामना की व प्रार्थना की कि आपका आशीर्वाद हमेशा इसी तरह हम सभी पर बना रहे। आज के दर्शन के लिए राजरानी शर्मा, जूली शर्मा, सरोज शर्मा, मधू शर्मा, सीमा दूबे, शैल चौबे, मंजू शर्मा, रंजना शर्मा, उपासना शुक्ला, अल्पना जोशी, जूली शर्मा, सारिका शर्मा, कल्पना पाठक, मंदाकिनी शर्मा, सुलोचना शर्मा, अर्चना शर्मा, नीलम शर्मा, दीप्ति शर्मा , रेनू उपमन्यु,नीतू उपमन्यु, अनीता देपुरिया,डौली दीक्षित, पिंकी शर्मा, निर्मला शर्मा, प्रतिभा चतुर्वेदी, ज्योति शर्मा आदि विप्रा संगिनियां उपस्थित रही।

# कम्युनिटी हेल्थ एक्शन टीम की बैठक हुई आयोजित सामाजिक मुद्दों को लेकर हुई चर्चा

**भिण्ड।** 1..पशु चिकित्सालय में नगर पालिका के द्वारा गड्ढों को भरने के लिए शहर का कचरा डाला गया था उस पर मिट्टी डालकर उसे बंद नहीं करने के कारण आवारा पशु वहां कचरा खाने के लिए एकत्रित बने रहते हैं और गंदगी के कारण मच्छर मक्खी भी पनप रहे हैं

2.. सीताराम की लावन मैं उप स्वास्थ्य केंद्र की इमारत लगभग 30 वर्षों से जर्जर हालत में पड़ी हुई है जिस कारण से लगभग 5 गांव की 18 से 20,000 की आबादी स्वास्थ्य सेवाएं लेने से वंचित हो रही है और उन्हें 10 किलोमीटर दूर का सफर तय करके मेहगांव या भिंड स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जाना पड़ता है जबकि सीता राम के रावण के आस-पास के गांव की दूरी मात्र 2 से 3 किलोमीटर है

3.. शासकीय प्राथमिके विद्यालय रोशनी घर, जेल रोड पर बिल्डिंग का निर्माण कार्य होते समय ही आधी बिल्डिंग गिर गई थी तब से स्कूल की बिल्डिंग को उसी हालत में छोड़ दिया गया है ना ही उसका निर्माण कार्य हो रहा है और ना ही उसकी देखरेख इस कारण से वह बिल्डिंग असामाजिक तत्वों का एक अड्डा बन गया है



4.ग्राम रेका में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बनाए गए शौचालय पर न छत है न पानी की टंकी और गड्ढों को बन्द नहींकिया गया है और शौचालय की लंबाई भी एक पुरुष की लंबाई की बराबर है टीम के साथियों ने मिलकर के इन शौचालयों को स्वयं देखा है इसलिए कम्युनिटी हेल्थ एक्शन टीम ने निर्णय लिया है की महंगाव एसडीएम ,नगर पालिका अधिकारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को निम्नलिखित समस्याओं पर ज्ञापन देकर इन समस्याओं से अवगत कराकर पूर्व की भांति समाधान कराने की प्रक्रिया को शुरू करवाएंगे। जिस प्रकार से पूर्व नगर पालिका सीएमओ सिया शरण यादव जी के कार्यकाल में पचेरा रोड पर नगर पालिका के द्वारा कचरा फेंका जा रहा था तब सीएमओ शरण यादव जी से चर्चा कर कचरा हटवा कर आसपास के ग्रामों की समस्या का समाधान करवाया गया एवं वार्ड नंबर 13 के लोगों को 2 माह से राशन नहीं दिया जा रहा था वार्ड नंबर 13 के लोगों को राशन लेने के लिए 10 किलोमीटर दूर बुलाया जाता था कई वृद्ध और मजदूर परिवार वहां तक नहीं जा पाते थे क्योंकि उस सड़क पर कोई भी वाहन की सुविधा नहीं थी और राशन लेने के लिए काफी समय लग जाता था तो उनकी उस दिन की मजदूरी भी चली जाती थी जिस कारण वह राशन लेने से वंचित रह जाते थे कम्युनिटी हेल्थ एक्शन टीम के सदस्यों ने फूड इंस्पेक्टर पंकज मुद्गल से चर्चा कर वार्ड नंबर 13 के लोगों की समस्याओं से अवगत कराया और उन लोगों को राशन प्राप्त होने की प्रक्रिया में सहयोग किया।

बहुत खुशी की बात है कि वार्ड नंबर 13 के लोगों को फरवरी माह का राशन वार्ड नंबर 13 में ही प्राप्त हुआ है फूड इंस्पेक्टर ने चर्चा के बाद राशन बनवाया



## अंबेडकर सेवा समिति सांचौर द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित करने हेतू अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**सांचौर।** चार रास्ते पर स्थित बाबा साहब अंबेडकर जी की खंडित प्रतिमा को बदलकर नवीन अष्टधातु की प्रतिमा को स्थापित करने हेतू अंबेडकर सेवा समिति की ओर से नगरपालिका के अध्यक्ष नरेश सेठ को ज्ञापन दिया गया। नगरपालिका अध्यक्ष नरेश सेठ ने नवीन प्रतिमा स्थापित करने का भरोसा दिलाया। सेवा समिति के अध्यक्ष नेमीचंद खोरवाल ने ज्ञापन मे बताया कि सांचौर शहर के मुख्य चार रास्ते पर स्थित नगरपालिका सांचौर द्वारा स्थापित की गयी बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा को काफी समय से खंडित अवस्था में हैं जिससे समाज में रोष व्याप्त है। इस मौके पर समिति अध्यक्ष नेमीचंद खोरवाल, आसुराम सिंघल, रमेश बाजक, राजेंद्र हिंगडा, रमेश खानवत, जयंती लाल जीनगर, मुलाराम वाघेला, शांतिलाल नागवंशी, विष्णु जीनगर, चन्द्र शेखर गर्ग, भागीरथ जीनगर सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत कोरम की अहम बैठक आयोजित की गई

**रानी पाली नेनाराम सीरवी**

पाली उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत.गुरडाई ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सरपंच कमला देवी उपसरपंच पारस कवर सरपंच प्रतिनिधि रुपेश कुमार उप सरपंच प्रतिनिधि पूनम सिंह परमार कनिष्ठ सहायक दुर्गाराम एवं अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पंचायत मुख्यालय पर पंचायत की अहम फोरम की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सरपंच के समक्ष संपूर्ण वार्ड के जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने अपने वार्ड की जन समस्या का निवारण करने के लिए



सरपंच एवं उपसरपंच सहित पंचायत कार्मिकों के समक्ष चर्चा की गई। नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण को लेकर उप सरपंच पूनम सिंह परमार द्वारा महत्वपूर्ण चर्चा की गई।उप सरपंच प्रतिनिधि एवं सरपंच प्रतिनिधि द्वारा ग्राम पंचायत द्वारा आगामी नए कार्य शुरू करने को लेकर संपूर्ण जनप्रतिनिधियों को आश्वासन के द्वारा बताया गया कि ग्राम की हर समस्या का समाधान करने के लिए ग्राम पंचायत पूरा प्रयास करेगी।स्वस्थ भारत मिशन ग्रामीण के तहत अपने अपने वार्ड के वार्ड पंच द्वारा नाली निर्माण के कार्य को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा के दौरान नए प्रस्ताव लिखे गए।इस दौरान ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पंचायत कोरम की अहम बैठक सरपंच कमला देवी के उपस्थिति में आयोजित की गई जिसमें महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई

## नगर कांग्रेस ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**पंकज त्रिपाठी, (दैनिक पुष्पांजली टुडे) भिण्ड।**

समर्थन मूल्य पर गेहूं सरसों खरीदी के पंजीयन में अनियमितताओं को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी कार्यवाहक नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी के नेतृत्व में जिलाधीश भिंड को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में निम्न मांगे रखी गई । 1 पंजीयन सेंटरों की संख्या बढ़ाई जाए 2 पंजीयन की दिनांक 10 मार्च तक बढ़ाई जाएं 3 फसल खरीदी 20 मार्च से शुरू की जाए 4 किसान नेट पर भी पंजीयन हो रहे हैं आधार कार्ड नंबर की जरूरत जरूरत होती है लेकिन किसानों के खातों में आधार नंबर लिंक नहीं है समस्त पटवारियों ने निर्देशित किया जाए कि जल्द



से जल्द हाथों में आधार लिंक कराने का काम करें ताकि किसान किसान एप पर पंजीयन कर सकें 5 कुछ पंजीयन सेंटर पर किसानों से ?200 मांगे जा रहे हैं इस प्रकार की दलाली पर रोक लगाई जाए 6 कुछ पंजीयन सेंटरों पर सहायक सचिव के परिजन पंजीयन करना है जिस पर तत्काल रोक लगाई जाए ज्ञापन में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जय श्रीराम बघेल वरिष्ठ,वरिष्ठ नेता डॉ राधेश्याम शर्मा, सुरेश पाराशर, पिंकी जाटव ,अजय जैन ,रामजीलाल शाक्य, कमलेश जाटव,चेतन्यशर्मा, राजेंद्र यादव,कमलेश सुमन, अनीस कुरैशी, ऋृषु जैन,दीपक दुबे(दीपू), धीरज सिंह भदोरिया,अखिलेश सिंह भदोरिया, कुलदीप भारद्वाज, रामहेत शाक्य,गोविंद शाक्य,आनंद शाक्य, पवन भारद्वाज, योगेश शाक्य, गोपाल शाक्य, संदीप शाक्य ,राजू त्रिवेदी, मुकेश गर्ग, अजय विमल, दर्शन सिंह तोमर, विनोद जाटव,विक्रम सिंह कुशवाह, कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समाजसेवी दुबे परिवार ने राम मंदिर निर्माण के लिए की 51,111 राशि दान



**अर्पि गुप्ता दबोह**

भव्य श्री राम मंदिर निर्माण के लिये धन संग्रह का क्रम राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा निरंतर जारी है।स्वयंसेवको द्वारा नगर व क्षेत्र में भ्रमण कर घर-घर जाकर धनराशि का संग्रह किया जा रहा है।दबोह नगर में भी दानदाताओं ने दान देने में कोई कमी नही छोड़ते हुए राममंदिर निर्माण में सहभागिता दिखाई।इसी क्रम में नगर के प्रतिष्ठित दुबे परिवार ने भी दबोह में सबसे बड़ी राशि राममंदिर निर्माण के लिए दान की है।यहां बता दें कि दबोह वार्ड नम्बर 09 पोस्ट ऑफिस गली निवासी गणेश राम दुबे(मुनीम)व उनके समाजसेबी पुत्र विकास दुबे ने राम मंदिर के निर्माण में अपनी एक अलग भूमिका निभाते हुए भगवान श्री राम के चरणों मे इक्यावन हजार एक सौ ग्यारह हजार रुपये की राशि दान की है।दुबे परिवार ने यह राशि एक अलग ही अंदाज में स्वयंसेवक संघ को सौंपी।इस दौरान दुबे परिवार ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयंसेवको को आमंत्रण भेजा।उनके आमंत्रण को स्वीकार करते हुए स्वयंसेवी उनके निवास पहुंचे।दुबे निवास पहुंचने पर विकास दुबे ने स्वयंसेवियो का तिलक कर स्वागत किया और उन्हें अपने निवास पर जल पान सहित सहभोज भी कराया तदोपरांत दुबे परिवार ने स्वयंसेवको को राममंदिर निर्माण के लिए 51,111 रुपये की राशि का चैक सौंपा।इस दौरान स्वयंसेवक जितेंद्र सिंह कौरव ने दुबे परिवार का सहयोग के लिये आभार जताते हुए कहा कि देशवासियों के लिए यह गौरव का क्षण है कि लम्बे समय से इंतजार के बाद भव्य श्री राम मंदिर निर्माण शुरू हो गया है।निधि समर्पण अभियान के तहत धन संग्रह प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में जारी है।तो वहीं समाजसेवी विकास दुबे ने कि जो भी है सब प्रभु का ही है।श्री राम मंदिर के भव्य मंदिर निर्माण के लिए लोगों के मन में श्रद्धा का भाव है वह स्वयं आगे आकर सहयोग कर रहे हैं भव्य मंदिर निर्माण के लिए धन की कमी नहीं होने पाएगी।यहां बता दें कि समाजसेबी विकाश दुबे भगवान के प्रति बहुत आस्था रखते हैं और वह समाजसेवा के कार्य सदैव करते रहते हैं प्राप्त जानकारी के अनुसार विकाश दुबे हर वर्ष अपनी टीम के साथ मिलकर दबोह क्षेत्र के सुप्रसिद्ध स्थल बकील के नाम से पहचाने जाने वाले श्री कांक्सी सरकार व गोवर्धन में गिरराज जी महाराज के चरणों मे हर वर्ष विशाल भण्डारे का आयोजन करते हैं।इस दौरान स्वयंसेवको में भगवान नायक,केशवदास विजपुरिया,जितेंद्र सिंह कौरव,दिग्विजय सिंह कौरव,लल्लु राम गुबरेले,विष्णुदयाल बिलैया,राजपाल गुर्जर,विनोद शर्मा,रीना-धीरज महते(पूर्व नप अध्यक्ष सेंवढ़ा),अरुण कुमार गुर्जर(सरपंच),राकेश कोठारी,संजय सिंह गुर्जर(व्यापार मंडल अध्यक्ष),नरेंद्र गुप्ता,अनिल गुप्ता,धमेंद्र कुरचानियां,राममोहन मुदगल,शिब्बीर गोस्वामी, अरविंद उदैनिया,एनडी सोनी,बबली शर्मा,विनय बिलैया,राममोहन कोठारी,पत्रकार हरिश्चंद्र पांडेय,दिलीप नायक,अजय त्रिपाठी,अर्पित गुप्ता,मोहित गोस्वामी,रोहित गुप्ता,सुधांशु मुदगल,टिंकू दीक्षित,छोटू चिकवा,रोहित कठ्ठिल आदि के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

## संपादकीए

### कोरोना का नया रूप

देश के भीतर भी चुनौतियां बरकरार हैं और दूसरे देशों में मिल रहे विषाणु के नए-नए रूपों से भी खतरा बढ़ रहा है। पिछले दिनों अंगोला, तंजानिया और दक्षिण अफ्रीका से भारत पहुंचे चार लोगों में कोरोना विषाणु का नया रूप मिला था। ब्राजील से आए एक शख्स में भी विषाणु का एक और नया स्वरूप पाया गया। इस बीच कोरोना वायरस को लेकर भारतीय वैज्ञानिकों ने एक बड़ा खुलासा किया है। हैदराबाद स्थित सीसीएमबी के वैज्ञानिकों का दावा है कि 6017 जीनोम सिक्वेंसिंग के आधार पर देश में 7684 तरह के कोरोना वायरस की मौजूदगी का पता चला है। इनमें सबसे ज्यादा दक्षिणी राज्यों में हैं। यहां एन440 के कोरोना वायरस का स्वरूप काफी तेजी से फैला है। तेलंगाना में 987 और आंध्र प्रदेश में 296 स्वरूप कोरोना वायरस के मिले हैं। देश के 22 राज्यों की 35 लैब से सैंपल एकत्रित करने के बाद वैज्ञानिकों ने जीनोम सिक्वेंसिंग की थी। इसमें एक दर्जन से ज्यादा कोरोना के क्लेड भी मिले हैं। हैदराबाद स्थित सीएसआईआर-कोशिकीय एवं आणविक जीव विज्ञान केंद्र (सीसीएमबी) के निदेशक डॉ. राकेश मिश्रा का कहना है कि भारत में अब तक सात हजार से ज्यादा कोरोना के स्वरूप मिल चुके हैं। इनमें से कुछ ही स्वरुप ज्यादा तीव्र और घातक हैं। इसके लिए एक अलग से अध्ययन करने की जरूरत है। दक्षिणी राज्यों में कोरोना फैलने की वजह इन्हीं में से कुछ स्वरूप हो सकते हैं। देश में नए क्लेड और स्ट्रेन की कम मौजूदगी का एक कारण यह भी हो सकता है कि पर्याप्त सिक्वेंसिंग नहीं हुई है। सीसीएमबी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दिव्य तेज सोवपति का कहना है कि अब तक केवल छह हजार सैंपल का ही जीनोम सिक्वेंसिंग हुआ है जबकि एक करोड़ से ज्यादा लोग संक्रमित हो चुके हैं। वायरस के नए स्वरूप का सटीकता से पता लगाने के लिए देश में वायरस के जीनोम सिक्वेंसिंग को लेकर और भी ज्यादा काम करने की जरूरत है। इससे पहले दिसंबर में ब्रिटेन से आए लोगों में पहली बार कोरोना विषाणु के नए प्रकार के बारे में परदा उठा था। संकट तब गहराया जब भारत पहुंचे ये लोग बिना जांच के दूसरे शहरों में पहुंच गए। कहा नहीं जा सकता कि इन लोगों के जरिए कितने लोग संक्रमित हुए होंगे। ब्रिटेन से ऐसे करीब दो सौ लोग भारत पहुंचे थे। वैज्ञानिक और चिकित्सक पहले ही कह चुके हैं कि कोरोना का विषाणु अपने रूप बदलता रहता है और किसी भी देश में इसके नए रूप देखने को मिल जाएं तो इसमें आश्चर्य नहीं, साथ ही ये कम या ज्यादा खतरनाक साबित हो सकते हैं। ऐसे में सतर्कता और ज्यादा जरूरी हो जाती है। इसमें कोई संदेह नहीं कि कोरोना संक्रमण कब, कहां और किस रूप में आबादी को अपना शिकार बना ले। महाराष्ट्र और केरल में जिस तेजी से मामले बढने् लगे हैं, उससे तो लग रहा है कि जरा-सी लापरवाही भी देश को फिर से गंभीर संकट में धकेल देगी। केरल और महाराष्ट्र को छोड़ दें तो देश के ज्यादातर राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में हालात अब काबू में हैं और कोरोना से मरने वालों का आंकड़ा भी कम हो चुका है। भारत ने कोरोना महामारी से निपटने के लिए जिस तरह के सतत प्रयास किए, उन्हीं का परिणाम है कि हमें आज ब्रिटेन, जर्मनी और अमेरिका जैसे दिन नहीं देखने पड़े। वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत से जल्द स्वदेशी टीका भी आ गया और देश में टीकाकरण का अभियान शुरू हो गया। ऐसे में अगर लोग लापरवाही दिखाने लगेंगे तो संक्रमण फैलने में वक्त नहीं लगेगा।

# रक्षा क्षेत्र में भी भारत आत्मनिर्भर बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है

**विजय दुबे**

**यह एक अच्छी बात है कि कोरोना काल में भी देश अपनी सुरक्षा के प्रति सजग है। आज पाकिस्तान और चीन के साथ सीमा पर बढ़े तनाव के बीच सेना की ताकत और मजबूत हुई है इस दौरान सेना को उन्नत श्रेणी के स्वदेशी अर्जुन टैंक एमके-1ए मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में सेना को यह टैंक सौंपा। सेना को उन्नत श्रेणी के अर्जुन टैंक एमके-1ए सौंपने के बाद प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि यह भारत की एकजुट भावना का प्रतीक भी है, क्योंकि दक्षिण भारत में निर्मित बख्तरबंद वाहन देश की उत्तरी सीमाओं की सुरक्षा करेंगे। सेना प्रमुख जनरल एमएन नरवाने को टैंक के प्रतिकृति मॉडल सौंपने के बाद प्रधानमंत्री ने अत्याधुनिक टैंक की सलामी लेकर स्वागत किया। यह टैंक पूरी तरह से स्वदेशी है। इसके डिजाइन से लेकर विकास और मैन्युफैदैनिक भास्कर रिंग तक का काम देश में ही किया गया है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने इसे विकसित किया है। स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए और बनाए गए अर्जुन मेन बैटल टैंक(एमके-1ए) देश के लिए गर्व है। ये टैंक स्वदेशी गोलाबारूद का भी इस्तेमाल करता है। तमिलनाडु पहले ही भारत का ऑटोमोबाइल निर्माण का हब है, अब मैं तमिलनाडु को भारत के टैंक निर्माण के हब के रूप में विकसित हो रहा हैं।**

प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की है कि तमिलनाडु में बना टैंक देश को सुरक्षित रखने के लिए उत्तरी सीमाओं की निगरानी करेगा। यह देश की एकता की भावना %भारत एकता दर्शन% का सही प्रदर्शन है। उन्होंने कहा कि अपनी सेना को दुनिया की सबसे आधुनिक सेना बनाने के लिए हम काम करते रहेंगे। इसके साथ ही रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने पर भी तेजी से काम होगा। अपग्रेड होने के बाद अर्जुन हर तरह से खतरनाक हो गया है। इसके शामिल होने से भारतीय सेना ने दुनिया की सबसे खतरनाक सेना बनने की तरफ एक कदम और बढ़ा दिया है।

ऐसा नहीं कि अर्जुन टैंक रातों रात बन कर तैयार हो गया। सेना की कसौटी पर खरा उतरने के लिए उसे 35 वर्ष लग गए। इस प्रोजैक्ट की शुरूआत 1972 में की गई थी, हालांकि इसका बड़े पैमाने पर निर्माण तमिलनाडु के अवाडी की आर्डिनेंस फैक्ट्री में 1996 में शुरू किया जा सका था। डीआरडीओ के काम्बैट व्हीकल रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट ने इसे डिजाइन किया। अर्जुन टैंक को पहली बार 2004 में भारतीय सेना में शामिल किया गया था। मौजूदा समय में सेना के पास 124 अर्जुन?टैंक की दो रेजीमेंट हैं जिन्हें जैसलमेर और भारत-पाकिस्तान की सीमा पर तैनात किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब



नवम्बर में सैनिकों के साथ दीपावली मनाने जैसलमेर के लोंगोवाल सीमा पर गए थे तो उन्होंने जिस अर्जुन टैंक की सवारी की थी, उसी का यह उन्नत संस्करण एम के-1ए है।

यह परियोजना 2015 से ही अधर में लटकी हुई थी। कभी बजट की समस्या तो कभी कुछ और। सेना ने रूस को 464 टी-90 के लिए 14 हजार करोड़ का आर्डर दिया भी था। 2012 में विकसित किए गए अर्जुन मार्क-2 को 2018 में अर्जुन मार्क-1ए का नाम दिया था। सेना ने अर्जुन टैंक में कई खामियां देखी। सेना ने कई तरह के अनुमान हासिल किये। इनके आधार पर इसके उन्नत वर्जन के लिए 72 तरह के सुधारों की मांग की। डीआरडीओ ने सेना के सुझावों को शामिल करते हुए हंटर किलर टैंक तैयार किया। ट्रायल में भी काफी समय लगा। मार्च 2020 में पोखरण में इसके परीक्षण किये गए जिनमें यह पूरी तरह खरा उतरा। सेना ने इस टैंक में भी 14 नए फीचर्स की मांग की थी। इन फीचर्स को शामिल करके डीआरडीओ ने नए टैंक तैयार किये। उन्नत संस्करण अर्जुन मार्क-1ए ने सभी ट्रायल पूरे कर लिए जिसके बाद इसको सेना में शामिल करने का फैसला किया गया। इन सभी सुधारों के बाद यह टैंक अपने आप में परिपूर्ण है और दुनिया में कहीं भी यह टैंक अपने लक्ष्य को स्वयं तलाश करने में सक्षम है और स्वयं तेजी से आगे बढ़ते हुए दुश्मन के लगातार हिलने वाले लक्ष्यों पर सटीक प्रहार कर सकता है। टैंक में कमांडर, गनर, लोडर और चालक का क्रू होगा। इन चारों को यह टैंक युद्ध के दौरान पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करेगा। टैंक की सबसे बड़ी खासियत यह है कि रणक्षेत्र में बिछाई गई माइंस को साफ करते हुए आसानी से आगे बढ़ सकता है। कंधे से फोड़ी जाने वाली एंटी टैंक ग्रेनेड और मिसाइल का इस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। इसके अलावा कैमिकल अटैक से बचने के लिए इसमें विशेष तरह के सेंसर लगे हैं। कैमिकल पर परमाणु बम हमले की स्थिति में इसमें लगा अलार्म बज उठेगा। अर्जुन में 120 एमएम की राइफल गन है। टैंक में फिट गन में एक बार में 3000 राउंड फायरिंग कर सकती है। ये कभी अपना निशाना नहीं चूकती। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बार-बार कहते रहे हैं कि भारत रणनीतिक कौशल के साथ कूटनीतिक कर्णप्रियता पर भरोसा रखने वाला देश है जिससे दूसरे किसी देश के साथ कोई भी विवाद हल किया जा सकता है। रक्षामंत्री ने अंततः चीन को समझा दिया कि चाहे वह वार्ता की मेज हो या रणभूमि उसकी चालाकी किसी कीमत पर नहीं चलेगी। भारतीय सेनाएं हर परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। पूर्वी लद्दाख में भारतीय सेना ने रणनीतिक कौशल का परिचय दिया और चीन को अपनी सेनाएं पीछे हटाने को मजबूर होना पड़ा। इससे दुनिया भर में यह प्रदर्शित हो चुका है कि भारतीय सेना अब काफी शक्तिशाली हो चुकी है। अर्जुन हासिल होने के बाद उसकी ताकत और बढ़ी है। रक्षा मंत्रालय हथियारों के मामले में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जुटा हुआ है।

## समायिकी

### स्वयं भी सोचना होगा कि वह अपनी प्राइवेसी की रक्षा कैसे करें?

**लोकप्रिय मैसेजिंग एप वाट्सएप की हालिया घोषणा के मुताबिक यूरोपीय क्षेत्र से बाहर रहने वाले उसके उपभोक्ताओं को आठ फरवरी तक इसमें आए अपडेट को मंजूर करना होगा, अन्यथा उसे वाट्सएप की सेवाएं मिलनी बंद हो जाएंगी। असल में फेसबुक के स्वामित्व वाली कंपनी वाट्सएप ने हाल में निजता संबंधी अपनी शर्तों और नीतियों में बदलाव किया है, जिसके अनुसार अब वह भारत जैसे देशों में रहने वाले अपने उपयोगकर्ताओं की तमाम निजी जानकारियां जिसे चाहे, दे सकेगी। इनमें यूजर का आइपी एड्रेस, फेसबुक, इंस्टाग्राम अकाउंट, भाषा, देश, शहर, टाइम जोन, मोबाइल नंबर, सर्विस प्रोवाइडर से लेकर बैंकिंग और पैसे के लेनदेन संबंधी सूचनाएं शामिल रहेंगी, जिन्हें एक व्यक्ति की निजी संपत्ति के तौर पर देखने का चलन है। वाट्सएप ने कहा है कि ग्राहकों की ये सारी निजी सूचनाएं सहमति हासिल करने के साथ ही अमेरिका स्थित उसके डाटा सेंटर के अलावा दुनिया में वहां भी भेजी जा सकती हैं, जहां वाट्सएप और फेसबुक के दफ्तर हैं। उल्लेखनीय यह है कि भारत और निजता को लेकर लचीले कानूनों वाले अन्य देशों के उपभोक्ताओं से जबरिया सहमति लेने की कोशिश करने वाले वाट्सएप को अमेरिका, चीन और यूरोपीय देशों में भी ऐसा ही करने का शायद ही ख्याल आया हो।**



आपने कई बार देखा होगा कि आप किसी पर्यटन स्थल पर जाने के लिए किसी टूर आपरेटर की सर्च कर रहे हैं तो चंद मिनटों बाद आपके मोबाइल या लैपटाप पर ढेरों टूर एंड ट्रैवल्स आपरेटरों के मैसेज आने शुरू हो जाएंगे। अगर आप किसी उत्पाद के लिए गूगल कर रहे हैं तो कुछ सैकेंड के भीतर गूगल के साथ-साथ एक ऐसे ही प्लेटफार्म पर आपके सामने उसी तरह के उत्पाद के ढेरों विज्ञापन आने लगते हैं। यह विभिन्न प्लेटफार्म पर ट्रेकिंग या डाटा शेयरिंग का ही रूप है और यह पूरी तरह से लोगों की निजता पर हमला है। यह बिना किसी पूर्व सूचना या सहमति के पीछा करना या निगरानी करने जैसे ही है। अब यह सच जान गए हैं कि तकनीकी कम्पनियां उपभोक्ता की निजता का डाटा बेचती हैं। भारतीय उपभोक्ताओं के डाटा को किसी को भी बेचना निजता संबंधी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है और इसे किसी भी कीमत पर रोका जाना चाहिए। जब आपके सामने डाटा और सामग्री को फैला दिया जाए तब आपके मन और मस्तिष्क में जो विचार पहले से चल रहे हैं वे प्रभावित हो जाएं। आप अपने पूर्व के फैसले को बदल दें और किसी खास उत्पाद, किसी राजनीतिक दल वह चाहे अच्छा हो या बुरा के प्रति झुकने लगें और आपको अहसास तक न हो तो यह मान लेना चाहिए कि आपने अपनी निजात बेच दी है। सोशल मीडिया आजकल यही कर रहा है। लेकिन समस्या यह है कि व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर और इंस्ट्राग्राम तो जीवन की जरूरतों में शामिल हो गए?हैं। मोबाइल के बिना जीवन अधूरा है। यदि आप भूलवश मोबाइल घर पर या कहीं और भूल गए या फिर उसमें कोई खराबी आ जाए तो आप दिनभर बेचैनी महसूस करते हैं। सबको इसकी लत लग गई है, दुनिया भर की खबरें आपकी अंगुली पर होंगी लेकिन आपको यह पता नहीं होगा कि पड़ोस में कौन रहता है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में लोग अन्य देशों की तुलना में स्मार्टफोन पर औसतन ज्यादा समय बिताते हैं।

## मेरा देश



मेरा प्यारा देश मे अपने देश की बात करता हूं में देश भारत और में अपने देश का भारतीय मेरी इस बात से शायद कुछ लोगो को तकलीफ होगी मगर यह सत्य है भारत मात्र एक ऐसा देश है जिश के दो नाम है।

एक नाम वो जो मा बाप रखते है और दूसरा वो जो मौहोले वाले मजा लेने के लिए रखते है। और आज की जनरेशन के लोग उसे निक नेम कहते है वेशे है हमारे देश के दो नाम है एक भारत दूसरा इंडिया इसकी भी एक रोचक कहानी है। हमारे देश का नाम भारतवर्ष% नाम ऋषभदेव के पुत्र भरत के नाम पर पड़ा है। अनेक पुराणों के अनुसार नाभिराज के पुत्र भगवान ऋषभदेव के पुत्र भरत चक्रवर्ती के नाम पर इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा। हिन्दू ग्रन्थ, स्कन्द पुराण (अध्याय 37) के अनुसार ÷ऋषभदेव नाभिराज के पुत्र थे, ऋषभ के पुत्र भरत थे, और इनके ही नाम पर इस देश का नाम ÷भारतवर्ष÷ पड़ा÷।

ये हो गया माता पिता वाला नाम ।

ओर अब हम आते है। हम हमारे देश के निक नेम पर जो पड़ोसियों ने मजे लेने के लिए रखा और 90त्न हमारे देश के लोग इस से खुश है । हमारे देश का नाम इंडिया कैशे रखा ओर क्यो . अंग्रेजों को भारत कहने में कठिनाई होती थी. अतः उन्होंने भारत को इंडिया कहना शुरु किया. वे लिखते समय भी भारत को इंडिया ही लिखते थे. इतिहास उठाकर देखा जाए तो आजादी के समय कागजी आदान-प्रदान में भी इंडिया ही शब्द का इस्तेमाल किया गया था. ओर ऐसा भी कहा जाता है कि अलेक्जेंडर भारत आये थे उन्होंने भारत की जगह इन्डू शब्द का प्रयोग किया था.इस लिए भारत को इंडिया नाम पड़ गया ऐसे हमरा देश भारत से इंडिया हो गया और हम मेसे 90त्न लोगो भारतीय से इंडियन हो गए और दुर्भगय भी देखो आज हमारी देश को आजाद हुऐ 73 साल हो गए 74 भी लग गई है और हम इस नाम को आज भी ढो रहे है । ओर हद तो तब होती है। जब लोग या गवर्नमेंट इस शब्द का प्रयोग भी करते है ।

हमारे देश का नाम भारत यह हमारे वेद और पुराणों की ओर चक्रवर्ती राजाओ की वीरता का पाठ पड़ता है वही

मौहोल वालो का दिया हुआ इण्डिया नाम हमे गुलाम ओर देश का दुर्भाग्य पुण्य समय का बोध कराता है । ओर 73 सालो में आज तक किशी भी ने यह विचार भी नही लगाया के आखिर क्यों हमे पड़ोसियों वाले नाम से बुलाया जाए या उस नाम से जो हमारे माता पिता जी ने रखा है

इस लिए में उन सभी लोगो से निवेदन करुगा जो लोग भारतीय से इंडियन हो गये है वह फिर से खुद को भारतीय बना ले क्यो की बड़े बुजुर्गों कह गए है। जो माता पिता का नही हो सकता वह किसी का सगा नही होता

भारत माता की जय वन्दे मातरम

**कुँअर आदित्य सिंह**
**सेवपथ चीनोर**

# महामारी के बाद महंगाई की मार से होगी देश की जनता परेशान!

**शशिकांत दास**

**गत वर्ष देश की आम जनता कोरोना महामारी की मार से त्रस्त रही तो इस वर्ष महंगाई की मार से त्रश्त होने वाली है। इस तरह की परिस्थिति में महंगाई की मार से आमजन को राहत दिलाने के वजाय देश के जननेता बेतुकी विवाद में उलझते नजर आ रहे है। देश में बढ़ती जा रही पेटोञ्ल, डीजल एवं घरेलू गैस की कीमत में होती जा रही वृद्धि को सत्ता पक्ष के नेता उससे आमजन को राहत दिलाने के वजाय यह दलील देते हुये अपना बचाव करते नजर आ रहे कि आमदनी भी तो बढ़ी है। उन्हें यह नहीं मालूम कि आज के परिवेश में जहां बेरोजगारी दिन पर दिन बढ़ती जा रही है, कितने लोगों की आमदनी बढ़ी है। जब कि आज की आम जनता कोरोना काल से ही बेरोजगारी से जूझ रही है। ऐसे समय में जहां कोरोना जैसे भयंकर महामारी अभी तक पूर्णरूपेण गई नहीं, आने वाली महंगाई को सह पाना निश्चित ही कठीन है। सरकार अपना वितीय कोष को बढ़ाने के लिये पेटोञ्ल, डीजल पर टैक्स बढ़ा रही जिससे बाजार में महंगाई का बढ़ना स्वाभाविक है। पर इस संदर्भ में वितीय कोष कम करने की दिशा में कोई भी सकरात्मक कदम नहीं उठा रही जिससे महंगाई से जुड़े संसाधनों पर अतिभार न पड़े।**



इस दिशा में सरकार की ओर से दलील दी जा रही है कि पेटोञ्ल एवं डीजल की कीमत तो पहले भी बढ़ती रही है। इस तरह का प्रतिउतर सत्ता पक्ष की ओर से दिया जाना आमजन के प्रति उतरदायित्वहिन दर्शाता है। देश से अभी कोरोना महामारी का संकट दूर नहीं हुआ है तथा आमजन को रोजगार देने में वर्तमान सरकार लॉली पॉप दिखाकर भरमा रही है। नये कृषि नियम के माध्यम से बाजार मंडी को समाप्त कर कृषि व्यापार में जो एकाधिकार स्थापित करने का जो प्रयास है उससे महंगाई और बढ़ने के आसार बन रहे है। वर्तमान सरकार के सामने कोरोना महामारी से आमजन को पूर्णरूपेण मुक्ति दिलाकर फिलहाल महंगाई के आने वाले दौर से बचाने का दायित्व उसके कंधो पर है। केवल आमजन को सब्सीडी का सब्जबाग दिखाकर एवं महंगाई बढ़ने वाले संसाधन पर टैक्स लगाने से महंगाई से आमजन को राहत नहीं दिलाई जा सकती। आज देश में विपक्ष कमजोर अवश्य है पर बढ़ती महगाई सरकार के लिये संकट अवश्य पैदा कर सकती। इस तरह के उभरते परिवेश में वर्तमान सरकार द्वारा सरकारी सम्पतियों की रक्षा करने के वजाय उसे निजी हाथों में दिये जाने के कदम से बेराजगारी एवं महंगाई को बढ़ने का अवसर मिलना सुनिश्चित है। नये कृषि नीति से नराज किसान सरकार के लिये संकट बनकर उभर सकते है। एक समय सरकार द्वारा देश में किसानों को विशेष राहत देने के लिये डीजल के दाम में वृद्धि नहीं की जाती। पेटोञ्ल एवं डीजल के दाम में काफी अन्तर होता आज दोनों के भाव एक जैसे ही नहीं आसमान को छू रहे है। सभी को मालूम है कि डीजल मुख्य रूप से कृषि एवं सामानों के आवागमन संसाधनों से जुड़ा हुआ है जो सीधे तौर पर महंगाई बढ़ाने में सहायक है। निश्चित तौर पर सरकार के ये कदम महंगाई को बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो सकते है जो महामारी सें भी खतरनाक साबित हो सकते।

# दिल में उतर कर देखो



पुरुष की जिंदगी में प्यार के फूल खिलाती है उनकी जीवनसंगिनी। आप उन्हें सौंप देते हैं अपना दिल पर वे तो पहुंचना चाहती हैं आपकी रूह तक। इसकी कला उन्हें बखूबी आती है। जिस दिन से पुरुष की जिंदगी में प्रेमिका या पत्नी कदम रखती है, उस दिन से ही बदल जाती है उनकी जिंदगी। प्रेमिका या पत्नी के प्यार और नाज-नखरों के साथ ही खट्टे-मीठे पल लाते हैं पुरुष की जिंदगी में खुशनुमा अहसास। हालांकि कई बार प्रेमिका या पत्नी की कुछ आदतें उन्हें उलझन में भी डाल देती हैं। जैसे कि शॉपिंग का क्रेज, बात-बात पर भावुक हो जाना इत्यादि। ऐसा नहीं है कि पुरुषों को ये सब बातें नागवार लगती हैं, बस वे चाहते हैं कि थोड़ा संयम के साथ ये सब कुछ हो तो बेहतर है। इनके लिए इंकार से प्रेमिका या पत्नी को नाराज करना और उनकी आंखों में आंसू लाना तो ठीक बात नहीं। आखिर उनकी आंखों में आंसू आएंगे तो दिल हम पुरुषों का भी दुखेगा। ऐसी स्थिति न आए, इसके लिए थोड़ी कोशिश करनी होगी लड़कियों को समझने की, ताकि आप चतुराई से निकाल सकें ऐसा तरीका जिससे आपकी पत्नी या प्रेमिका भी खुश रहे और आपको भी परेशान न होना पड़े।

## किसी बात के पीछे पड़ जाना

अक्सर लड़कियों की आदत होती है कि वे किसी भी बात को पकड़कर बैठ जाती हैं। उनका यह व्यवहार कई बार पुरुषों के लिए सिर दर्द और बेचैनी की वजह बन जाता है। जैसे कि आपका गुड मॉर्निंग मैसेज पाते ही वे रोमांटिक हो उठती हैं, उसके बाद उनकी ओर से मैसेजेज का सिलसिला शुरू हो जाता है। आपने एक बार जवाब दिया तो पलटकर तुरंत दूसरा मैसेज आ जाता है। आपकी व्यस्तताएं इतनी होती हैं कि मैसेजेज के जवाब देने का समय ही नहीं होता। यही नहीं थोड़ी-थोड़ी देर में मोबाइल पर रिसीव होने वाले प्रेमिका या पत्नी के मैसेजेज परेशान कर देते हैं। इस मामले में लेना होगा समझदारी से काम। इसका एक सहज उपाय है कि मैसेजज की फ्रीक्वेंसी थोड़ी कम कर दें।

## पत्नी चाहिए मां नहीं

हृदय में वात्सल्य स्त्री की प्रकृति है। पुरुषों को अच्छा लगता है, जब प्रेमिका या पत्नी आपकी चिंता करती है, ख्याल रखती है। दिनचर्या इत्यादि को लेकर उसके सवालों से पुरुषों को ऐतराज नहीं होता, पर जब यह फिक्र जरूरत से ज्यादा हो जाए तो परेशानी की वजह बन जाती है। खर्चे का हिसाब रखना, ड्रेसिंग सेंस को बेतुका बताते हुए कपड़े स्वयं चुनना, अपनी आदतों को बदलने के लिए सीख देना इत्यादि बातें पुरुषों को परेशान कर देती हैं। इन सब बातों से बचने का एक तरीका यह है कि आप अपने व्यवहार से उन्हें यह मानने पर मजबूर कर दें कि आप बेहद जिम्मेदार हैं और अपना ख्याल खुद रख सकते हैं। अगर आपने ऐसा नहीं किया तो वे फिर मां बनकर आपको बच्चे की तरह ट्रीट करने लगेंगी।

## ड्रामा क्वीन

स्त्री में कुछ गुण जन्म से होते हैं, जबकि कुछ बातें वे अपने माहौल से सीखती हैं। बात-बात पर भावुक हो जाना भी ऐसी ही एक आदत है। संवेदनशील प्रेमिका को संभालने के लिए आपको अतिरिक्त सावधानी से काम लेना होगा। इस क्रम में सबसे पहले तो आपको उनकी बातें ध्यानपूर्वक सुनने की आदत डालनी होगी। छोटी-छोटी बातों पर परेशान हो जाना उनका स्वभाव है, हो सकता है कि ये देखकर आप झल्ला जाएं। आपके ऐसा करने से उन्हें दुख पहुंचेगा, इसलिए झल्लाहट का प्रदर्शन कतई न करें। आपको शांति व संयम से काम लेना होगा।

## बात-बात पर शिकायत

महिलाओं को बात-बात पर शिकायत होती है कि तुमने ऐसा क्यों किया? या आखिर क्यों नहीं तुम अपनी आदतें बदलते? यह माना कि कई बार हमारे व्यवहार में सुधार की जरूरत होती है, पर हर वक्त इसके लिए टोका-टाकी बर्दाश्त करना मुश्किल होता है। वहींअगर आपने उनकी बातें अनसुनी करने की कोशिश की तो समझ लीजिए कि एक और तूफान की तैयारी हो गयी। तो उपाय क्या है? सबसे पहले तो आपको यह जताना होगा कि उनके द्वारा कही गयी बातों से आप स्वयं भी इत्तेफाक रखते हैं। एक अन्य उपाय है कि यदि उन्होंने आपको कोई कार्य सौंपा है तो उसे पूरा करने के लिए उनसे कुछ समय सीमा निर्धारित करने को कहें। इसके बाद यह आपकी जिम्मेदारी है कि तय समय सीमा के भीतर वह काम हो जाए। इसके बाद भी उनका टोकना हद पार कर जाए तो बेहतर होगा कि अपने कानों में हेडफोन लगा लें या म्यूजिक का वॉल्यूम तेज कर उनकी बातों से ध्यान हटाने का प्रयास करें।

## अपनी बात मनवाने की आदत

आंखों में आंसू लाकर अपनी बातें मनवाना हो या प्रभुत्व जमाने का स्वभाव, हर हाल में अपनी बात को सर्वोपरि रखना स्त्रियों का स्वभाव होता है। उदाहरण के तौर पर अगर उन्हें आपका कोई दोस्त अच्छा नहीं लगता तो वे उसके बारे में लगातार अप्रिय बातें कहेंगी। एक समय आएगा कि आपको भी लगने लगेगा कि कहींदोस्त के बारे में उनके द्वारा कही गयी बातें सही तो नहींहैं। ऐसे मामलों में हमें अतिरिक्त चतुराई से काम लेना होगा। हमारी सोच स्पष्ट होनी चाहिए। पत्नी या प्रेमिका की आंखों में आंसू न रहें, यह देखना आपका फर्ज है, पर उसके आंसुओं में बहकर अपनी सोच को प्रभावित न होने दें।

## शॉपिंग में नो फन

अक्सर लड़कियां शॉपिंग के लिए क्रेजी होती हैं। वे पार्टनर के साथ शॉपिंग करना चाहती हैं, पर इसका अहसास तो सिर्फ पुरुषों को ही होता है कि ये शॉपिंग कितना कष्ट देती है। यहां सिर्फ पैसे खर्च होने की बात नहीं, दरअसल लड़कियों को शॉपिंग के लिए चाहिए पूरा दिन।

अब इतना समय शॉपिंग के लिए निकालना पुरुषों के लिए बोरियत का सबब है, पर ये बात उन्हें खुले तौर पर नहींकह सकते तो उपाय यह है कि उन्हें कहें कि आपको कपड़ों की समझ नहीं है, इसलिए बेहतर होगा कि वे अपनी किसी दोस्त के साथ शॉपिंग के लिए चली जाएं। इसके अलावा आप उन्हें ऑनलाइन शॉपिंग के लिए भी प्रेरित कर सकते हैं।

# सच्ची सहेली है बहन



घर-परिवार संबंधी दुख-सुख की बातें हों या देश-समाज की समस्याओं पर गरमागरम बहस। किसी कहानी के पात्र के बारे में डिस्कस करना हो या फिर शेयर करना हो ऑफिस गॉसिप। इसके लिए कान और कंधा तो बहन का ही अनुकूल होता है। वह संयम रखकर हर बात सुन सकती है, राज छुपा सकती है, किसी भी विषय पर सही और सटीक सलाह दे सकती है दिशा और निशा दो बहनें थीं। दोनों साथ पढ़तीं, खेलती-कूदतीं और सोतीं। यहां तक कि कपड़े भी दोनों बहनें आपस में शेयर करती थीं। अगर स्कूल में किसी एक बहन को किसी प्रकार की समस्या होती तो दूसरी उसकी सहायता करती। वे दोनों न सिर्फ अपने दिल की बातें एक-दूसरे से शेयर करतीं, बल्कि हर गम-खुशी में एक-दूसरे का साथ देतीं। उनकी यह आदत शादी के बाद भी कायम रही। जब दिशा के पति विदेश में रह रहे थे तो रिश्ता पक्का होने पर उनकी बेटी की शादी में निशा ने खूब मदद की, जो लोग दोनों बहनों को चेहरे से नहीं पहचानते थे, उनके लिए दोनों बहनों में लड़की की मां की पहचान करना कठिन हो जाता था। तभी तो कहा गया है कि दो बहनें गंगा-यमुना के समान होती हैं। जिस तरह दोनों नदियों का संगम होने के बाद एक-दूसरे की जलधारा को अलग-अलग पहचानना कठिन हो जाता है, उसी तरह दूर शहरों या देशों में रह रही बहनें जब मिलती हैं तो उनके सब्र का बांध टूट जाता है। वे अपने सुख-दुख, देश-समाज यानी हर तरह की बातें एक-दूसरे से शेयर कर लेना चाहती हैं। साथ ही एक-दूसरे की आदतों, व्यवहारों के लिए एक-दूसरे को बताती भी हैं।

**किस्सा पीढ़ी दर पीढ़ी का–** कुछ बातें ऐसी होती हैं, जिन्हें फीमेल फ्रेंड्स के साथ भी शेयर नहीं किया जा सकता। इसके लिए तो ब्लड रिलेशन होना जरूरी है।' कहती हैं सोनालिका। इसी तरह आईटी प्रोफेशनल मोनिका कहती हैं, रोज आप अपनी व्यक्तिगत और ऑफिशियल लाइफ में कई लोगों और घटनाओं से रूबरू होती हैं। ये सारी बातें आप बहन से ही शेयर कर सकती हैं, जो न सिर्फ आपको उचित सलाह देती है, बल्कि गल्तियों के लिए डांट भी लगाती है। सही और गलत की पहचान कराने में बड़ी और छोटी का भेद भी मिट जाता है। दरअसल, यह किस्सा पीढ़ी दर पीढ़ी चला आ रहा है। इस संदर्भ में कथाकार रजनी गुप्ता कहती हैं कि मैं जो बातें मां से नहीं कह पाती थी, उस पर बहनों से खुलकर बातचीत होती थी। अगर हम और पीछे की पीढ़ी के जीवन में झांककर देखें तो वृद्धाएं भी बहनों को ही राजदार बताती हैं। बहन की बात चलने पर 80 साल की आशा देवी की आंखों में भी चमक दिखने लगती है। अब उनकी बहन इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन वह खुश होकर बताती हैं कि शादी के बाद पति से प्रथम मिलन की बात मैंने अपनी बहन को ही बताई थी। कथाकार ममता कालिया कहती हैं कि अगर आप भारतीय साहित्य पर गौर करें तो आपको ऐसी कई कहानियां मिलेंगी, जिनमें दो बहनें पक्की सहेलियों के समान हैं, जो अपने जीवन का हर सुख-दुख एक-दूसरे से बांटती हैं। ममता कालिया की कहानी दुक्खम-सुक्खम' में दो बहनें ही कहानी के केंद्र में हैं।

**प्रतिद्वंद्वी नहीं, सहायक–** फिल्म अभिनेत्री काजोल और तनीषा सगी बहनें हैं। बड़ी बहन होने के नाते काजोल न सिर्फ तनीषा को अभिनय के गुर सिखाती हैं, बल्कि उनके कई फैसलों को प्रभावित भी करती हैं। एक रियलिटी शो के दौरान जब तनीषा और अभिनेता अरमान कोहली के बीच नजदीकियां बढ़ीं तो काजोल ने इस रिश्ते पर ऐतराज जताया और तनीषा को सही सलाह दी। काजोल ने किसी कार्यक्रम के दौरान कहा था,तनीषा मेरी छोटी बहन है। उसे दुनिया के बारे में उतनी समझ नहीं है, जितनी मुझमें है। इसलिए समय-समय पर मैं उसे आगाह करती रहती हूं।' कई बार आपके जीवन में कुछ ऐसी घटनाएं घटती हैं, जिन्हें आप सिर्फ बहन को ही एक्सप्लेन कर सकती हैं। वह आपको संपूर्ण होने का अहसास दिलाती है।

# स्टाइलिश सनग्लासेज



**गरमी** की कूल एक्सेसरीज हैं सन ग्लासेज। कड़ी धूप से बचाव के लिए सन ग्लासेज लगाना है जरूरी, ऐसे में क्यों न चुनें ऐसे ट्रेंडी सन ग्लासेज जो बना दें आपको स्मार्ट एंड स्टाइलिश। सन ग्लासेज का फैशन कभी आउट नहीं होता। हां, इनका स्टाइल जरूर बदलता रहता है। इसलिए फैशन के अनुरूप राइट फ्रेम्स और शेड्स का चयन है जरूरी। इन दिनों स्टड्स व फ्लोरल एम्बलिशमेंट्स से सजे फ्रेम्स फैशन कांशस युवतियों के बीच खूब पसंद किए जा रहे हैं। इन्हें पहनने के बाद आपको अन्य किसी जूईलि की जरूरत नहीं रहेगी। राउंड रेट्रो फ्रेम या क्लासिक स्क्वेयर फ्रेम भी हैं समर सीजन ट्रेंड। कैट आइ फ्रेम्स भी हैं स्टाइलिश। इन फ्रेम्स में आजकल पसंद किए जा रहे हैं ब्लू, पिंक, यलो व फ्लोरल जैसे ब्राइट कलर्स। वहीं एविएटर सन ग्लासेज तो हैं सदाबहार। क्लासिक लुक चाहिए तो चुनें व्हाइट फ्रेम वाले सन ग्लासेज। इन्हें ओल्ड फैशन कतई न मानें, क्योंकि व्हाइट फ्रेम वाले ये सन ग्लासेज करते हैं आपके लुक को अपडेट। इनके फैशन का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि केट हडसन से लेकर करीना तक नजर आती हैं व्हाइट फ्रेम वाले सनग्लासेज पहने यानी इस समर सीजन आपके पास हैं व्यापक विकल्प, अब आप पर क्या सूट करता है इस आधार पर चुनें अपने लिए परफेक्ट सन ग्लासेज।

# बिना मेकअप दिखें खूबसूरत

संवरने-संवारने की कला स्त्री को जन्मजात मिली है। यह आर्ट उसे सुंदर दिखने को भी प्रेरित करती है। भागदौड़ भरी जिंदगी में रोज अच्छी तरह मेकअप करना तो संभव नहीं, मगर डाइट और लाइफस्टाइल को सही रखकर खुद को आकर्षक बनाया जा सकता है। मेकअप एक कला है। कई बार इससे चेहरे पर कमाल हो सकता है। रोज आईने के सामने काफी वक्त बिताती हैं स्त्रियां ताकि वे सुंदर दिख सकें। कई स्त्रियां मानती हैं कि बिना मेकअप के वे सुंदर नहीं दिख सकतीं। हालांकि सादगी का अपना महत्व है और बिना बहुत वक्त या पैसा खर्च किए भी सुंदर बने रहा जा सकता है।

## एक प्याली गर्म पानी

सुबह की शुरुआत के लिए इससे अच्छी कोई आदत नहीं है। सुबह उठने के बाद चाय के बजाय गर्म पानी पिएं। इसमें नींबू की कुछ बूंदें डालें। ओवरवेट होने या डाइबिटीज जैसी समस्या न हो तो थोड़ा शहद भी मिला सकती हैं। इससे ताजगी का अहसास होगा।

## एसपीएफ युक्त क्रीम

उम्र बढ़न् के साथ-साथ धूप, धूल और समय का प्रभाव चेहरे पर पडने् लगता है। इसलिए सनक्रीम हमेशा साथ रखें। तेज धूप हो या नहीं, इसका इस्तेमाल करें। इसके प्रयोग से आप बहुत सी समस्याओं से बची रह सकती हैं।

## आदतें सुधारें

चेहरे को सिकोड़ते हुए बात करने, माथे पर बल डालने, आखें मिचमिचाने, हथेलियों को गालों पर टिकाने, पिंपल्स नोचने, आंखें मलने जैसी आदतें त्वचा को नुकसान पहुंचाती हैं। चेहरे की त्वचा संवेदनशील होती है, इसलिए इस पर दाग-धब्बे बहुत पड़ते हैं। ये आदतें झुर्रियों को न्यौता भी दे सकती हैं।

## अति से बचें

नियमित फेशियल से चेहरे की मांसपेशियों में कसाव आता है, रक्त संचार ठीक होता है और चेहरा साफ व सुंदर दिखता है, मगर ब्लीच का इस्तेमाल सोच-समझकर करें। ज्यादा मसाज व ब्लीच से संवेदनशील त्वचा को नुकसान हो सकता है।

## स्क्रबिंग-क्लेंजिंग



रोज सोने से पहले क्लेंजिंग मिल्क से चेहरा साफ करें। हफ्ते में एक बार स्क्रबिंग करें। इससे डेड स्किन हटेगी। क्लेंजर से त्वचा

बैक्टीरिया रहित होगी, अतिरिक्त तेल व डेड स्किन सेल्स निकलेंगी। ड्राई स्किन के लिए मॉइश्चराइजर वाला क्लेंजर अच्छा है।

## पानी खूब पिएं

रोज सात-आठ गिलास पानी पीना चाहिए। शरीर से हानिकारक तत्व निकालने का यह सर्वोत्तम उपाय है। यह सौंदर्य को बढ़ाता है और त्वचा को समस्या रहित रखता है।

## मॉइश्चराइजर

मुलायम त्वचा के लिए मॉइश्चराइजर जरूरी है। प्रदूषण, मौसम, धूप और धूल से त्वचा को क्षति पहुंचती है। स्किन को सही पोषण और नमी मिले तो रिंकल्स कम पडेंगे़ और वह ड्राई होने से बची रहेगी। चेहरे और गर्दन के अलावा हाथों और पैरों पर भी मॉइश्चराइजर का प्रयोग करें।


**टोनर–** टोनर से न सिर्फ त्वचा में कसाव आता है, बल्किइससे रोमछिद्र भी भरते हैं और चेहरे से अतिरिक्त तेल बाहर निकल जाता है।

**शैंपू–** सप्ताह में कम से कम तीन दिन बालों को किसी अच्छे शैंपू से धोएं और कंडीशनर का इस्तेमाल करें। चिपचिपे-गंदे बाल चेहरे का लुक बिगाड़ देते हैं। दिन में दो-तीन बार और सोने से पहले बालों में कंघी करना न भूलें।

1. बालों की समय-समय पर ट्रिमिंग कराएं, ताकि वे दोमुंहे न हों और खराब न दिखें।
2. नाखून चबाने की आदत से बचें। उन्हें सही ढंग से तराशें और अच्छा शालीन नेल पेंट लगाएं।
3. अत्यधिक कॉफी या चाय पीने से बचें।

# आशा की राह पर चलकर संवरा जीवन

**बात** तब की है, जब मैं हाईस्कूल में था। मैं पढ़ने में बहुत कमजोर था। मेरे पिता अधिक पढ़े-लिखे न थे। साधारण व्यवसाय कर घर का खर्च चलाते थे। हम कुल पांच भाई व दो बहन थे। उनमें मैं सबसे बड़ा था। वर्ष 1968 में मैं हाई स्कूल की परीक्षा में बैठा था। जब उसका परीक्षाफल निकला, तो अखबार में मेरा अनुक्रमांक नहीं छपा था। अर्थात मैं फेल हो गया था। घर में मेरा उदास चेहरा देखकर ही सब जान गए कि परीक्षा परिणाम में क्या हुआ है। किसी ने कुछ न पूछा। मैं घोर निराशा के अंधकार में डूबा था। मैं पहली बार किसी परीक्षा में फेल हुआ था। अब मुझे पिता के साथ ही दुकान पर बैठना होगा, यह सोचकर मैं हताश था। अपने अन्य सहपाठियों व मित्रों से सामना न हो, इस कारण घर में छिपा बैठा रहता। एक दिन एक मित्र सियाराम अग्रवाल ने आकर मुझे बताया, कॉलेज में क्रॉसलिस्ट आ गई है। तुम केवल अंग्रेजी में फेल हो। तुम्हें अंग्रेजी की पूरक परीक्षा देनी होगी। कल से कॉलेज में अंक-पत्र मिलेगा। जाकर ले आना। मैं बुझे मन से दूसरे दिन कॉलेज के कार्यालय से अंकपत्र सबसे छुपाते हुए लेकर आया। कॉलेज में न किसी अध्यापक से, न किसी छात्र से मिला। मैं निराशा की गर्त में था। मैं अपने घर के अंदर जा ही रहा था कि घर के सामने के प्राणनाथ मेहरोत्रा के पिताजी ने मुझे जोर से आवाज देकर पुकारा। वे बुजुर्ग थे। मैं उनकी इज्जत करता था। उनके पास ही मुहल्ले के सीताराम गुप्ता भी थे, जो दयानंद पब्लिक स्कूल के प्रबंधक थे। मैं सड़क पार करके उनके पास गया। दोनों लोगों को प्रणाम करके वहीं बैठ गया। उन लोगों ने मेरा अंकपत्र मांग कर देखा। मैं अपनी असफलता के कारण लज्जा से गड़ा जा रहा था। हताश व निराश था। किंतु दोनों लोगों ने मेरा अंकपत्र देखकर अन्य विषयों में मिले अधिक अंकों



की तारीफ की। केवल अंग्रेजी विषय में 100 में से 26 अंक मिले थे। उन लोगों ने कहा कि अंग्रेजी विषय की पूरक परीक्षा दे दो। एक माह का समय है। तैयारी कर लो। पास हो जाओगे। यह वर्ष बेकार नहीं जाएगा। पूरक परीक्षा नहीं दोगे, तो पूरे वर्ष फिर कक्षा 10 में पढ़ना पड़ेगा। कक्षा में जूनियर छात्र कक्षा-9 पास होकर आ जाएंगे। उनके साथ बैठने में तुम्हें वर्ष भर अपमानित होना पड़ेगा। लोग तुम्हें फेलियर कहेंगे। मैंने कहा, पूरक परीक्षा देने पर कोई डिवीजन नहीं मिलेगा। सर्टिफिकेट में पूरक परीक्षा उत्तीर्ण लिखा जाएगा। हाईस्कूल के सर्टिफिकेट की हर जगह जरूरत पड़ेगी। इस पर उन दोनों लोगों ने मुझे काफी देर तक समझाया कि इस हाईस्कूल की कमी को तुम इंटरमीडिएट की परीक्षा में अधिक अंक लाकर पूरी कर सकते हो। उन्होंने कई उदाहरण दिए, सूक्तियों और श्लोक आदि के जरिये मुझे इतना अधिक प्रेरित किया कि मैं उनके समक्ष पूरक परीक्षा में शामिल होने व आगे पूरी लगन व श्रम से पढ़ाई करने का वादा कर बैठा। उन्होंने मुझे निराशा के जाल से बाहर खींच कर आजाद किया। अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने हेतु उत्साहित किया। फलतः मैं उसी वर्ष हाईस्कूल पूरक परीक्षा देकर पास हो गया। आगे इंटरमीडिएट की परीक्षा भी अच्छे नंबरों से पास हुआ। उन लोगों की ही प्रेरणा से प्राइवेट टयूशन करते हुए मैंने दो विषय से एमए किया। बीएड किया। नगरपालिका और सिंचाई विभाग में नौकरी की। वहां से त्याग-पत्र देकर वर्ष 1978 में इलाहाबाद बैंक में लिपिक पद पर हजरतगंज, लखनऊ में नियुक्त हुआ। एक-एक कर मेरे सभी भाई-बहन भी पढ़-लिखकर सरकारी नौकरी में लग गए। अंततः मैं विभिन्न पदों व बैंक की शाखाओं में काम करते हुए दिनांक 31 मार्च 2014 को वरिष्ठ प्रबंधक पद से सही सलामत, बेदाग व भव्य विदाई समारोह के साथ सेवा निवृत्त भी हुआ। मुझे सफलता का प्रकाश पुंज दिखाने वाले उन दोनों महानुभावों के प्रति मैं सदैव कृतज्ञ रहा हूं।

# विधान सभा सत्र के प्रथम दिन राज्यपाल आंनदीबेन पटेल का अभिभाषण हुआ

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा सत्र के प्रथम दिन राज्यपाल श्रीमती आंनदी बेन पटेल ने अभिभाषण के दौरान कहा कि राज्य ने किल कोरोना महाअभियान के माध्यम से सर्वे किया गया। मार्च 2020 में राज्य की टेस्टिंग क्षमता 300 से बढ़कर 30 हजार हो गई है। टेस्टिंग लैब 3 से बढ़कर 32 हो गई। मार्च 2020 में पीपीईकिट की उपलब्धता लगभग 18 हजार और टेस्टिंग किट की उपलब्धता मात्र 620 थी, जो बढ़कर 3 लाख 50 पीपीईकिट व 2लाख 40 हजार टेस्टिंग किट हैं। विगत 11 माह में प्रदेश में अस्पताल प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया है। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सहायता योजना लागू कर अकुशल प्रवासी श्रमिकों के लिए रोजगार उपलब्ध कराया गया है। राज्य सरकार ने 1 लाख मजदूरों की सहायता की है। कोरोना वर्कर्स का कोटि-कोटि अभिनंदन कर हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। 15 हजार से अधिक नल कनेक्शन लगाए जा चुके हैं। धार, शहडोल, बालाघाट 3 नए फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट स्थापित किए जा रहे है। प्रसाद योजना के तहत अमरकंटक में विकास के लिए 50 करोड़ की योजना स्वीकृत की गई है शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम, विदिशा एवं शहडोल में भी नवीन मल्टी स्पेशल्टी अस्पातल प्रारंभ किये जा रहे हैं। श्योपुर, मंडला, नीमच, मंदसौर, सिंगरौली एवं राजगढ़ में चिकित्सा महाविद्यालय प्रारंभ किये जाने के लिये सैद्धांतिक सहमति के साथ ?300 करोड़ की राशि प्रथम किश्त के रूप में प्राप्त हुई है। इन कॉलेजों के निर्माण के साथ 900 MBBS सीट की वृद्धि संभव हो जायेगी। प्रदेश में कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिये सिंचित क्षेत्र का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 तक 65 लाख हेक्टर क्षेत्र में सिंचाई उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। वर्तमान में लगभग 41 लाख हेक्टर में सिंचाई उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार सड़क सुधार और उन्नयन का कार्य प्राथमिकता से कर रही है। 1700 से ज्यादा किमी में सड़क निर्माण एवं उन्नयन किया गया। नवीनीकरण सड़क निर्माण 1856 किमी लंबाई में किया गया। जल जीवन मिशन के अंतर्गत मेरी सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2023 के अंत तक प्रदेश के 1 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। स्वामित्व योजना के माध्यम से पहली बार ग्रामीण आबादी क्षेत्र में नक्शा का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीण अब इन अभिलेखों के आधार पर कृषि भूमि की भांति आबादी की भूमि पर बैंक से लोन ले सकते हैं। कृषि कार्य के लिये 22 लाख उपभोक्ताओं को फ्लैट दरों पर बिजली दी जा रही है। 1 हेक्टर तक की भूमि और गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले अनुसूचित जाति व जनजाति के 8 लाख कृषकों को निन्शुल्क बिजली दी जा रही है। सोलर रूफटॉप की साढ़े 3 हजार परियोजनाओं का कार्य वर्ष 2021-22 में कार्य पूरा हो जायेगा। मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना में किसानों को



सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिये 2010 सोलर पंप स्थापित किये। जुलाई 2023 तक 45000 सोलर पंप स्थापित किये जायेंगे। नवकरणीय ऊर्जा अब 542 मेगावॉट हो गई। शाजापुर, नीमच 1500 मेगावॉट की परियोजना शुरू की गई है। ओमकारेश्वर में विशव की सबसे 600 मेगावॉट की सोलर फ्लोटिंग परियोजना के लिए वर्ल्ड बैंक द्वारा सर्वे किया जा रहा है। सभी परियोजना 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य। अति उच्च दाब के 14 नये उपकेंद्र की स्थापना और 1072 सर्किट किमी अति उच्च दाब लाइनों का निर्माण करने के साथ ही 2 हजार से ज्यादा वितरण ट्रांसफॉर्मर की स्थापना की गई। सरकार उपभोक्ताओं और किसानों को सुचारू रूप से बिजली की उपलब्धता और विद्युत क्षेत्र के निरंतर विकास के लिये प्रतिबद्ध है। इस वर्ष उपलब्ध क्षमता में 394 मेगावॉट की वृद्धि की गई है। आगामी 3 वर्षों में सभी ग्रामों में सर्वे का काम पूरा किया जायेगा। कोरोना संकट में भी अधोसंरचना के विकास को प्रभावित नहीं होने दिया। स्वामित्व योजना के माध्यम से पहली बार ग्रामीण आबादी क्षेत्र में नक्शा का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीण अब इन अभिलेखों के आधार पर कृषि भूमि की भांति आबादी की भूमि पर बैंक से लोन ले सकते हैं। संकट के समय में आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लिया। सीएम हेल्पलाइन सेवाओं का विस्तार करके 181 सेवा प्रारंभ की गई। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सहायता योजना लागू कर अकुशल प्रवासी श्रमिकों के लिए रोजगार उपलब्ध कराया गया है। राजस्व विभाग से जुड़ी नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण हेतु नायब तहसीलदार से लेकर राजस्व मंडल तक के 1589 से अधिक राजस्व न्यायलय रेवेन्यू केस मैनेजमेंट सिस्टम से जोड़े जा चुके हैं 3 हजार 300 एकड़ शासकीय भूमि मुक्त कराई इसका अनुमानित मूल्य 8 हजार 8 सौ करोड़ से अधिक 384 अपराध पंजीबद्ध किए जा चुके हैं। 52 हजार से अ?धिक निवेशकों को चिटफंड कंपनियों से अब तक 7 करोड़ से अधिक की राशि दिलाई जा चुकी है संकट के समय में आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लिया। सीएम हेल्पलाइन सेवाओं का विस्तार करके 181 सेवा प्रारंभ की गई। सुशासन की संकल्पना को सही अर्थों सकार कर अब तक लगभग 1500 भू-माफियाओं को चिंहित किया। सिंगरौली में नवीन हवाई पट्टी बनाने को स्वीकृति दी गई है। 16 जनवरी 2021 को मप्र में कोरोना वैक्सीन टीकाकरण शुरू किया गया, जिसमें प्रथम चरण में प्रदेश देश में नंबर वन है। कोरोना महामारी के दौरान शिक्षा में आई बाधाओं को दूर करते हुये पढ़ाई नहीं रुकेगी थीम पर 1 अप्रैल 2020 से रेडियो स्कूल शुरू किया गया। हमारा घर हमारा विद्यालय योजना शुरू कर कक्षा 1 से 12वीं तक विद्यार्थियों के लिये प्रतिदिन की पढ़ाई सुनिश्चित की गई।

## भोपाल को पीछे छोड़ इंदौर फिर पहले नंबर पर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के इंदौर में एक बार फिर कोरोना के केस बढ़ने लगे हैं। लगातार दो दिन से वहां 100 से ज्यादा नए केस आ रहे हैं। ऐसे में प्रदेश की कारोबारी राजधानी फिर से पहले नंबर पर आ गया है। संचालनालय स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार देर शाम जारी कोविड-19 आंकड़ों में इंदौर में सबसे ज्यादा 550 कोरोना के सक्रिय मरीज हो गए हैं। दूसरे नंबर भोपाल आ गया है। यहां पर अब कुल 506 कोरोना के एक्टिव केस हैं। शनिवार को जारी रिपोर्ट में इंदौर में दो कोरोना मरीजों की मौत की पुष्टि हुई, जबकि खरगौन और राजगढ़ में भी एक-एक मौत हुई। इंदौर में 13 जनवरी को कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या प्रदेश में सबसे ज्यादा 2037 थी, जबकि भोपाल में यह आंकड़ा 1988 था। अगले दिन 14 जनवरी को भोपाल में सक्रिय मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा 1992 हो गई थी, जबकि इंदौर में यह आंकड़ा घटकर 1964 हो गया था।

## मुख्यमंत्री चौहान ने कमलनाथ से भेंट कर हालचाल जाना



भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ से उनके निवास जाकर सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्री कमलनाथ से स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि रविवार को इंदौर में एक लिफ्ट दुर्घटना में उन्हें मामूली चोट पहुँची है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में विभिन्न भवनों में स्थापित लिफ्ट की कार्य–प्रणाली की संबंधित एजेंसियों के माध्यम से जाँच की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इंदौर में हुई लिफ्ट दुर्घटना के संबंध में अधिकारियों से पूरी जानकारी माँगी गई है।

## प्रदेश में इस बार मार्च में नहीं, मई में होंगे शराब की दुकानों के नए ठेके

**भोपाल।** प्रदेश में वर्ष 2021-22 के लिए शराब ठेके इस बार मार्च में नहीं होंगे। कारण, 15 जिलों में वर्तमान ठेकों की अवधि 31 मार्च को पूरी हो रही है। जबकि बाकी 37 जिलों के ठेकों की अवधि 31 मई को खत्म होगी। प्रदेश के आबकारी ठेकों के मामले में यह स्थिति पहली बार बनी है। इसके चलते आबकारी विभाग सभी जिलों में वर्तमान ठेकों को 31 मई तक चलाए जाने की तैयारी कर रहा है, ताकि नए ठेकों की सुपुर्दगी की प्रक्रिया 1 जून से शुरू की जा सके। इसके लिए 45 जिलों के शराब ठेकेदारों ने 31 मई तक ठेका संचालित करने की सहमति दे दी है। बाकी 7 जिलों के ठेकेदार भी राजी हैं। लेकिन उनकी लिखित सहमति मिलने का इंतजार है। बता दें कि अब तक आबकारी विभाग हर साल एक अप्रैल से शराब की दुकानें ठेकेदारों के सुपुर्द करता रहा है। कोरोना संकट के चलते वर्ष 2020 में शराब के ठेकों की प्रक्रिया में हुई विसंगति के चलते शराब ठेकेदारों और आबकारी विभाग के बीच विवाद की स्थिति बनी तो मामला उच्च न्यायालय तक पहुंचा। उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद विभाग को दोबारा ठेके कराने पड़े। इसके कारण कुछ ठेके की अवधि मार्च में तो कुछ जिलों में ठेकों की अवधि मई में पूरी होने की स्थिति बनी है। शराब ठेकों की प्रक्रिया दो बार अलग-अलग न करना पड़े इसके लिए विभाग ने 31 मार्च को अवधि पूरी करने वाले ठेकेदारों से बात कर उन्हें मई तक ठेका चलाने पर सहमत कर लिया है। बाकी 7 जिलों के ठेकेदारों को राजी करने के प्रयास जारी हैं।



## पूर्व केबिनेट मंत्री को निलंबन के खेल से कराया अवगत

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने मॉडल प्राचार्य श्रीमति वींणा बाजपेई को शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों की मिली भगत व निलंबन के खेल से पूर्व केबिनेट मंत्री अजय विश्नाई को एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा विस्तार पूर्वक बिंदूवार निलंबन के खेल से अवगत कराया गया और शिक्षा विभाग में चल रहे निलंबन के खेल से बचाने की गुहार लगाई गयी। जिले की महिला प्राचार्य द्वारा उच्चाधिकारियां की मंशा के अनुरूप जांच रिपोर्ट में भ्रष्टाचार को बिना छुपाए उजागर करने की सजा बतौर निलंबन की प्रताड़ना दी गई। महिला प्राचार्य का दोष इतना है कि आरटीई के तहत अशासकीय शालाओं की सही जांच का खामियाजा भुगतना पड़ा व उन पर ही आर्थिक अनिमित्ता,अधिकारियों का सहयोग न करने का बेबुनियाद,निराधार, असत्य आरोप लगाकर महिला प्राचार्य को निलंबित करा दिया गया। संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, संजय यादव, अटल उपाध्याय, आलोक अग्निहोत्री, मुकेश सिंह, ब्रजेश मिश्रा, चंदुलजाउलकर, नंदुचंसोरिया, बिट्टू अहलवालिया, उमेश पारखी, विजय सेन, मस्तराम राय, शकील खान, आर के गुलाटी,अरूण दुबे, एस के प्रधान, अरूण आदि उपस्थित रहे।

**बुधनी में सुसज्जित खेल स्टेडियम बनेगा, प्रेम सुंदर मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन**

## हर ग्राम पंचायत में बनेगा खेल मैदान : मुख्यमंत्री चौहान



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने मध्यप्रदेश के साथ-साथ देश का नाम भी रोशन किया है। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और प्रोत्साहित करने के लिये राज्य सरकार कृत-संकल्पित है। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में खेल मैदान बनाये जायेंगे। बुधनी में सुसज्जित खेल स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान रविवार को नसरुल्लागंज में प्रेम सुंदर मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज नसरुल्लागंज में आयोजित हुए रोजगार मेले में 1109 बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है। इसी तरह अब प्रतिवर्ष खेलों का आयोजन और मेगा हेल्थ कैम्प भी लगाया जायेगा। क्रिकेट टूर्नामेंट 14 फरवरी से प्रारंभ हुआ। इसमें क्षेत्र की 200 टीमों ने भाग लिया था, जिसमें 14 टीमें टूर्नामेंट के लिये अंतिम रूप से सलेक्ट हुईं। क्रिकेट टूर्नामेंट का फायनल मुकाबला एवेंजर इलेवन बुधनी और लाड़कुई चार्जर्स के मध्य खेला गया। एवेंजर-11 बुधनी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। फायनल मैच एवेंजर इलेवन बुधनी की बेटिंग समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान बल्ला लेकर मैदान में उतरे और बेटिंग में हाथ आजमाये। बॉलिंग टूर्नामेंट के आयोजक श्री कार्तिकेय चौहान ने की। मुख्यमंत्री ने बल्लेबाजी करते हुए शानदार शॉट भी लगाये और उसके पश्चात पूरे ग्राउण्ड में घूमकर दर्शकों का अभिवादन भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपने पिता स्व. प्रेमसिंह चौहान और माताजी स्व. श्रीमती सुंदर चौहान के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। बल्लेबाजी करने उतरी बुधनी की टीम को अपने ही ओवर में अंकित के रूप में पहला झटका लगा। बुधनी टीम अपने पहले झटके से उबरे, उसके पहले ही टीम लगातार अंतराल से विकेट खोती रही। कप्तान शैलेश तिवारी ने एक एण्ड संभाले रखा। कप्तान शैलेश तिवारी सर्वाधिक 59 रन बनाकर आउट हुए। शैलेश के आउट होते ही टीम मात्र 120 रन पर अपने 9 विकेट गवां चुकी थी। इसके बाद वंश 48 रन और सचिन 44 रन की आतिशी पारी की मदद से बुधनी ने 210 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लाड़कुई के बॉलर नाजिम खान ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिये और जावेद खान ने 2 विकेट झटके। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी लाड़कुई टीम की शुरूआत ज्यादा अच्छी नहीं रही। ओपनर बल्लेबाज जावेद दूसरे ही ओवर में पवेलियन लौटे। बुधनी के सटीक गेंदबाजों के सामने जावेद के बाद दीपक, लोकेश और शादाब भी सस्ते में चलते बने। प्रेम सुंदर मेमोरियल टूर्नामेंट में विजेता टीम रही एवेंजर इलेवन बुधनी को एक लाख 51 हजार रुपये और ट्रॉफी से नवाजा गया। उप-विजेता टीम लाड़कुई चार्जर्स को एक लाख रुपये और ट्रॉफी एवं टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रही गोपालपुर ग्लेडिएटर्स को 51 हजार रुपये और शील्ड प्रदान की गई। पुरस्कार वितरण मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने किया। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली प्रत्येक टीम के कप्तान को 11-11 हजार रुपये और क्रिकेट किट भी प्रदान की गई। फायनल मैच में मेन ऑफ द मैच बुधनी बैशर्स के श्री सचिन वर्मा, बेस्ट बॉलर ऑफ टूर्नामेंट का खिताब लाड़कुई चार्जर्स के श्री शादाब खान को एवं बेस्ट बेट्समेन का खिताब बुधनी बैशर्स के श्री शैलेष तिवारी को प्रदान किया गया। मेन ऑफ द सीरीज का खिलाब श्री रूपेश शर्मा को दिया गया, जिन्हें चैक एवं हीरो होण्डा बाइक देकर सम्मानित किया गया।

# सभी संभाग मुख्यालयों में बनाये जायेंगे अत्याधुनिक आरटीओ भवन-परिवहन मंत्री राजपूत

## लोकार्पण के लिये तैयार है भोपाल का अत्याधुनिक आरटीओ भवन

**भोपाल।** परिवहन एवं राजस्व मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने आज कोकता, भोपाल में अत्याधुनिक क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के नवीन भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शहर में परिवहन यानों की बढ़ती संख्या एवं उसके सुव्यवस्थित संचालन के लिये नये एवं वृहद परिवहन परिसर की अत्यधिक आवश्यकता थी। नये आरटीओ परिसर में ड्रायवर ट्रेनिंग सेंटर, ऑटोमेटेड ड्रायविंग सेंटर और वाहन फिटनेस सेंटर का निर्माण किया गया है। इन सेंटर में ड्रायविंग टेस्ट के पश्चात प्राप्तांक के आधार पर ही लायसेंस जारी किये जायेंगे। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि 5 एकड़ क्षेत्र में 19 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय परिसर में पर्यावरण की दृष्टि से 200 वृक्ष लगाये गये हैं। इसके साथ ही परिसर में पर्याप्त पार्किंग-स्थल, शौचालय, पेयजल और बिजली की सुचारु उपलब्धता के लिये



सौर ऊर्जा एवं रेनवॉटर हॉर्वेस्टिंग सिस्टम की भी व्यवस्था की गयी है। परिवहन मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि परिवहन संबंधी बदलते नियमों से वाहन-चालकों को अवगत कराये जाने के लिये परिसर में विधिवत एक ड्रायवर ट्रेनिंग सेंटर बनाया गया है, जिसमें नये वाहन-चालकों सहित अनुभवी तथा लायसेंसधारक चालकों को नये नियमों संबंधी विस्तृत जानकारी दी जायेगी। इसमें वर्चुअल ट्रेनिंग सहित साहित्य और परामर्श प्रदान किया जायेगा। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि 3850 वर्ग मीटर क्षेत्र में आधुनिक तकनीक पर आधारित ड्रायविंग टेस्टिंग ट्रेक इस नवीन परिसर का मुख्य केन्द्र बिन्दु होगा। इसमें दो और चार पहिया वाहनों के लिये लायसेंस प्रदान करने के पूर्व आवेदकों को विभिन्न तरह के वाहन-चालन संबंधी टेस्ट देना होंगे। टेस्ट संबंधी परिणामों की निगरानी के लिये अत्याधुनिक ऑटोमेटेड सेंसर प्रणाली में लगभग 24 कैमरे क्रियाशील होंगे। सेंसर और कैमरों द्वारा वाहन-चालक द्वारा की गयी गलतियों पर माइनस मॉर्किंग दी जायेगी। वाहन-चालक को लायसेंस के लिये 200 में से 160 अंक लाना अनिवार्य है। सभी प्रक्रिया कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑटोमेटेड होगी। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि वाहनों के फिटनेस प्रमाण-पत्र के लिये %वाहन फिटनेस केन्द्र%% में वाहनों के क्रमवार आगमन-प्रमाणीकरण-निर्गम की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिये टोकन पद्धति पर आधारित व्यवस्था के साथ पृथक-पृथक पार्किंग-स्थल विकसित किये गये हैं। फिटनेस के लिये आने वाले वाहनों से जाम न लगे, इसकी व्यवस्था भी की गयी है। आरटीओ भोपाल श्री संजय तिवारी ने बताया कि नव-निर्मित भवन में दिव्यांग आवेदकों के लिये पृथक से सुविधाएँ दी गयी हैं। भवन में प्रवेश के लिये रेम्प एवं प्रथम तल पर जाने-आने के लिये लिफ्ट की सुविधा प्रदान की गयी है। परिवहन मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि भवन पूरी तरह बनकर तैयार है। भवन के लोकार्पण के लिये वे मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से चर्चा कर शीघ्र लोकार्पण की तिथि तय करेंगे।

# इंग्लैंड की रोटेशन पॉलिसी अच्छी : स्टेन




**जोहांसबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की रोटेशन नीति की तारीफ की है। रोटेशन नीति के तहत खिलाड़ियों को बीच-बीच में आराम दिया जाता है। स्टेन ने अपने ट्वीट में कहा कि ईसीबी की रोटेशन नीति का फायदा नजर आ रहा है। धीरे-धीरे शानदार क्रिकेटरों की एक फौज तैयार हो रही है। साथ ही कहा कि अभी भले ही ईसीबी की इस नीति की आलोचना हो रही है पर अगले 8 सालों में आईसीसी को 8 टूर्नामेंट में टीम का चयन करते समय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के अनुभवी क्रिकेटरों को तलाशने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने इस नीति को बेहद समझदारी वाला कदम है बताया है। ईसीबी ने रोटेशन नीति को खिलाड़ियों का वर्कलोड कम करने और उन्हें बायो सिक्योर बबल में रहते हुए मानसिक थकान से बचाने के लिये किया है हालांकि इस कदम से कई बड़े मैचों और सीरीज में उसके अहम खिलाड़ी नहीं खेल पाते हैं जिससे उसकी आलोचना भी हो रही है। ईसीबी की इस रोटेशन नीति के कारण ही विकेटकीपर जोस बटलर भारत के खिलाफ पहले टेस्ट और आलराउंडर मोईन अली दूसरे टेस्ट के बाद इंग्लैंड लौट गए जबकि बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो और तेज गेंदबाज मार्क वुड पहले दो मैचों से बाहर रहने के बाद सीरीज के बाकी दो मैच के लिए टीम से जुड़ गए हैं। यही नहीं, टीम मैनेजमेंट वर्कलोड को देखते हुए अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड को भी बीच-बीच में आराम देता रहा है। ईसीबी ने तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और ऑल राउंडर बेन स्टोक्स को भी श्रीलंका दौरे के लिए आराम दिया था हालांकि, इंग्लैंड के कई पूर्व खिलाड़ियों ने खिलाड़ियों को आराम देने के फैसले के लिए बोर्ड की आलोचना की थी लेकिन ईसीबी इस पर अमल करता नजर आ रहा है। इससे पहले, श्रीलंका के पूर्व कप्तान और राजस्थान रॉयल्स के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट कुमार संगकारा ने भी इंग्लैंड की रोटेशन पॉलिसी को अच्छा बताया था। उन्होंने कहा था कि इस नीति का इंग्लैंड टीम को फायदा पहुंचा है. क्योंकि कोरोना के बीच, जब से बायो सिक्योर बबल में क्रिकेट शुरू हुआ है. तब से एक के बाद लगातार सीरीज हो रही हैं। ऐसे में खिलाड़ियों के चोटिल और थकने की आशंका ज्यादा है। इसलिए अब दूसरे बोर्ड भी इंग्लैंड की तरह ही रोटेशन नीति पर अमल कर रहे हैं।

**भविष्य में मिलेगा लाभ**

## श्रीलंकाई तेज गेंदबाज लाहिरु कोरोना संक्रमित हुए



**कोलंबो ।** श्रीलंकाई टीम को वेस्टइंडीज दौरे के पहले ही करारा झटका लगा है। श्रीलंकाई टीम के तेज गेंदबाज लाहिरु कुमारा कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव पाये गये हैं। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने अपने एक बयान में लाहिरु के संक्रमित होने की पुष्टी की है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने अपने एक बयान में कहा, %लाहिरु का पीसीआर टेस्ट रविवार को किया गया था, जिसमें उनका परिणाम पॉजिटिव आया है। लाहिरु को सरकार के कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए कहा गया है। वहीं एसएलसी भी स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अपना कामकाज करेगी। श्रीलंका और वेस्टइंडीज के बीच तीन टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज तीन से 14 मार्च तक चलेगी। संक्रमित होने के कारण लाहिरु के सीमित ओवरों की सीरीज में भाग लेने की संभावनांए नहीं हैं हालांकि वह 21 मार्च से शुरु होने वाली टेस्ट सीरीज में टीम के साथ जुड़ेंगे हालांकि यह उनके समय पर स्वस्थ होने पर निर्भर करेगा।

## गेंद की स्विंग का अनुमान नहीं लगा सकते : पुजारा



**अहमदाबाद।** भारतीय टीम के भरोसेमंद बल्लेबाज चेतश्वर पुजारा के अनुसार यहां मोटेरा स्टेडियम में दूधिया रोशनी में खेले जाने वाले पहले टेस्ट में एसजी गेंद कितनी स्विंग करेगी, इसकी भविष्यवाणी करना कठिन है। दोनो ही टीमें इस सीरीज में 1-1 से बराबरी पर हैं, ऐसे में अब सभी की नजरें 24 फरवरी से यहां शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट पर लगी हैं। भारतीय टीम को गुलाबी गेंद से खेलने का ज्यादा अनुभव नहीं है और उसने केवल दो मैच खेले हैं। पुजारा ने कहा, 'इस टेस्ट में गेंद कितनी स्विंग होगी, हम इसके बारे में निश्चित नहीं हैं।% उन्होंने कहा, 'शुरू में यह थोड़ा स्विंग कर सकती है, लेकिन जैसे मैच आगे बढ़ेगा, यह शायद ज्यादा स्विंग नहीं करे हालांकि गुलाबी गेंद के बारे में हम कुछ नहीं कह सकते, इसकी भविष्यवाणी करना काफी मुश्किल है।

# यह सूखा विकेट लग रहा है, जो स्पिन गेंदबाजों के लिए मददगार होगी

## जाफर ने इशारों पर साधा इंग्लैंड पर निशाना

**नई दिल्ली। जाफर ने एक अपने ही अंदाज में नासा के परसेवरेंस रोवर के मंगल पर पहुंचने को लेकर अपनी बात कही। उन्होंने इस तस्वीर के साथ भारतीय गेंदबाजी के आक्रमण की सराहना की है। इस ट्वीट को चेन्नई में हुए सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच की पिच को लेकर की गई आलोचना से भी जोड़ रहे हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच चेन्नई में हुए सीरीज के दूसरे टेस्ट की पिच काफी चर्चा में रही थी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन और केविन पीटरसन ने स्पिनर्स के लिए मददगार पिच की काफी आलोचना की थी। इस पर उनकी काफी किरकिरी भी हुई थी। शेन वॉर्न से लेकर भारतीय कप्तान विराट कोहली ने पिच की आलोचना करने वालों को करारा जवाब दिया था।**



इसी क्रम में अब पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर ने भी अनोखे अंदाज में निशाना साधा है। जाफर, जो सोशल मीडिया पर अपने मीम्स के चलते काफी चर्चा में रहते हैं, ने नासा द्वारा पोस्ट की गई मंगल ग्रह की तस्वीर के साथ भारतीय गेंदबाजी की सराहना की। जाफर ने मंगल की तस्वीर के साथ कैप्शन दिया, %यह सूखा विकेट लग रहा है, जो स्पिन गेंदबाजों के लिए मददगार होगी। अश्विन और जडेजा को इस विकेट पर खेलना असंभव होगा। रिवर्स स्विंग से बुमराह, शमी, उमेश, ईशांत, सिराज तबाही मचा देंगे क्योंकि तीन ओवर बाद ही गेंद पुरानी हो जाएगी। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण किसी भी परिस्थिति में कारगर है।%

## पीएसएल के पहले मैच में नबी की आक्रामक पारी से कराची किंग्स जीती



**कराची ।** पाकिस्तानी सुपर लीग (पीएसएल) क्रिकेट के इस साल के पहले मैच में मोहम्मद नबी की आक्रामक पारी से कराची किंग्स ने क्वेटा ग्लैडिएटर्स को सात विकेट से हरा दिया। इस मैच में नबी ने 14 गेंदों में 3 छक्के और 2 चौके लगाकर नाबाद 30 रन बनाये। क्वेटा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.2 ओवरों में 121 रन बनाए। आक्रामक बल्लेबाज क्रिस गेल ने 24 गेंदों में 39 रन की पारी खेली। वहीं दूसरी ओर कराची की ओर से अरशद इकबाल ने 3 विकेट जबकि मकसूद ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए कराची की ओर से जो क्लार्क ने 23 गेंदों में 46 रन, बाबर आजम ने 20 गेंदों में 24 रन और मोहम्मद नबी ने 14 गेंदों में नाबाद 30 रन बनाये। इस प्रकार कराची ने केवल 13.5 ओवरों में ही मैच जीत लिया। वहीं क्वेटा की ओर से मोहम्मद हसनैन ने दो विकेट झटके।

## कम कीमत वाला होगा एप्पल का फोल्डेबल आईफोन



**नई दिल्ली।** जानीमानी कंपनी एप्पल एक फोल्डेबल आईफोन लॉन्च करने की योजना बना रही है। एप्पल का अपकमिंग फ्लैगशिप फोन की लीक हुई रिपोर्ट्स की मानें तो एप्पल का फोल्डेबल स्मार्टफोन अन्य ब्रांड्स के मुकाबले कम कीमत वाला होगा, लेकिन इस डिवाइस की लॉन्चिंग जल्द देखने को नहीं मिलेगी। यह साल 2023 तक लॉन्च हो सकता है। सैमसंग और अन्य कंपनियों की तरह अब एप्पल ने भी इस पर काम करना भी शुरू कर दिया है। इसके अलावा खबरें आ रही हैं कि एप्पल का फ्लैगशिप स्मार्टफोन सैमसंग गैलेक्सी झेड फ्लिप की तरह क्लैमशेल डिजाइन होगा। एप्पल का यह स्मार्टफोन 7.3-इंच से 7.6-इंच के बीच की स्क्रीन साइज के साथ आ सकता है, जो एक ओएलईडी पैनल होगा।एक बार जब एप्पल का नया फोल्डेबल फोन मार्केट में आ जाता हैं, तो सैमसंग गैलेक्सी फोल्ड 2 के साथ यह कंपीट करेगा। हालांकि, परोसॉर ने आईफोन 13 की स्पेशल एंट्री का हिंट दिया है। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, परोसॉर ने पहले फोल्डेबल आईफोन के लिए सितंबर 2022 के लॉन्च की तारीख का दावा किया था। फोल्डेबल आईफोन एप्पल के लिए गेम चेंजर के रूप में कार्य कर सकता है, जो प्रोग्रेसिव स्मार्टफोन सेगमेंट में अपनी एंट्री को मार्क कर रहा है ताकि सैमसंग और एलजी जैसे प्लेयर्स पर पूरी तरह से हावी हो सके।

## भारत में 2021 पल्सर 180 लॉन्च करने की तैयारी

**नई दिल्ली ।** ऑटोमोबाइल सेक्टर की स्वदेशी कंपनी बजाज ऑटो जल्द ही भारत में 2021 पल्सर 180 लॉन्च करने की तैयारी में है। बजाज पल्सर रेंज की मोटरसाइकिल्स को भारत में काफी पसंद किया जाता है। नया मॉडल कई सारे बदलावों के साथ मार्केट में कदम रखेगा। इस रेंज में से एक है पल्सर 180 जो पल्सर 125 और 150 से कहीं ज्यादा पावरफुल और स्पोर्टी है। देश भर की चुनिंदा डीलरशिप्स पर ये मोटरसाइकिल पहुंचना भी शुरू हो चुकी है और कई डीलरशिप्स तो इस मोटरसाइकिल की अन ऑफीशियल बुकिंग भी शुरू की जा चुकी है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस महीने के आखिर तक या अगले महीने की शुरुआत तक ये मोटरसाइकिल लॉन्च की जा सकती है। इंजन और पावर की बात करें तो इस मोटरसाइकिल में बीएस6-कम्प्लायंट 178.6सीसी, एयर-कूल्ड, सिंगल-सिलेंडर इंजन दिया जा सकता है। ये इंजन 8,500 आरपीएम पर 17 पीएस की मैक्सिमम पावर और 6,500आरपीएम पर 14.2 एनएम का पीक टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम होगा।

# गूगल मीट लॉन्च करेगा गूगल, 50 से ज्यादा नए फीचर्स होंगे शामिल

**नई दिल्ली ।** गूगल 50 से ज्यादा नए फीचर्स के साथ गूगल मीट को लॉन्च करने वाला है। भारत में गूगल मीट को प्ले स्टोर पर 100 मिलियन से ज्यादा बार डाउनलोड किया गया है। गूगल मीट के इस पुराने वर्जन में बहुत सी कमियां हैं। जैसे टीचर के द्वारा स्टूडेंट का म्यूट ना होना, एक्स्ट्रा स्टूडेंट का ऐड हो जाना, टीचर के कॉल कट के बाद भी क्लास का चलना आदि। गूगल के मुताबिक, आने वाले कुछ ही सप्ताह में गूगल मीट के नए फीचर्स को लॉन्च कर दिया जाएगा। आने वाले नए फीचर्स में टीचर को स्टूडेंट पर ज्यादा कंट्रोल मिलेगा। वो कभी भी सभी स्टूडेंट्स को म्यूट कर पाएंगे। साथ ही क्लास को एक साथ समाप्त भी कर पाएंगे। नए फीचर में स्टूडेंट खुद को अनम्यूट नहीं कर पाएंगे। सिर्फ टीचर के पास ही उन्हें अनम्यूट करने का ऑप्शन होगा।गूगल मीट पर जल्द ही स्टूडेंट स्क्रीन पर इमोजी शेयर कर पाएंगे। ये फीचर भी टीचर के कंट्रोल में होगा। गूगल आने वाले सप्ताह में एंड्रायड और आईओएस के स्मारेटफोन और टैबलेट पर गूगल मीट के नए फीचर को लॉन्च कर देगा गूगल जल्द ही अपने प्रोडक्ट गूगल क्लासरूम और गूगल मीट को एक साथ इस्तेमाल करने वाले फीचर को भी लॉन्च करेगा। ये दोनों एक साथ एजुकेशन के तरीके को बदल देंगे।जल्द ही गूगल मीट पर एडमिन तय कर पाएंगे कि कौन सा स्टूडेंट क्लास या मीटिंग को ज्वाइन कर पाएगा। साथ ही नए फीचर से दूसरी कॉलेज के स्टूडेंट्स और क्लास को भी एक साथ ऐड किया जा सकेगा। मालूम हो ?कि कोरोना वायरस के कारण बहुत से बदलावों के साथ पढ़ाई करने का तरीका बदल चुका है। लॉकडाउन ने ऑनलाइन स्टडी को काफी बढ़ावा दिया है। जूम ऐप के बैन होने के बाद गूगल के टॉप प्रोडक्ट जैसे गूगल मीट गूगल क्लासरूम, क्रोम का इस्तेमाल करने वाले स्टूडेंट्स और टीचर्स की तादाद काफी बढ़ गई है। इसी का फायदा उठाने के लिए गुगल नए फीचर्स शामिल कर रहा है।





# आईजी, एसपी व निगम आयुक्त शहर भ्रमण पर निकले

**शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने संभाग आयुक्त**

**सड़कों पर बेतरतीब ढंग से खड़े होने वाले हाथ ठेलों को कारोबार के लिए हॉकर्स जोन में मिलेगी जगह**





**ग्वालियर। शहर की सड़कों पर बेतरतीब तरीके से खड़े होने वाले फल-सब्जी व अन्य सामग्री के हाथ ठेलों को नजदीकी हॉकर्स जोन में पहुँचाएँ। जिससे पथ विक्रेता बेहतर ढंग से अपना व्यवसाय कर सकें। साथ ही सड़क यातायात भी व्यवस्थित हो सके। इस आशय के निर्देश संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने नगर निगम व पुलिस के अधिकारियों को दिए। संभाग आयुक्त श्री सक्सेना, पुलिस महानिरीक्षक श्री अविनाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी ग्वालियर शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के मकसद से सोमवार को शहर भ्रमण पर निकले। सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने खासतौर पर मुरार व हजीरा क्षेत्र के बाजारों व प्रमुख सड़कों का संयुक्त रूप से जायजा लिया।**

अधिकारियों ने आकाशवाणी तिराहा से भ्रमण शुरू किया और यूनिवर्सिटी तिराहा, ठाठीपुर चौराहा, बारादरी मुरार, एमएच रोड़, सदर बाजार चौराहा मुरार, गोला का मंदिर, चार शहर का नाका व हजीरा क्षेत्र में पहुँचे। अपर जिला दण्डाधिकारी श्री रिंकेश वैश्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पाण्डेय व श्रीमती सुमन गुर्जर सहित नगर निगम एवं यातायात व्यवस्था से जुड़े अधिकारी भी उनके साथ थे। संभाग आयुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने नगर निगम एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुकानों के सामने सड़क पर अतिक्रमण कर रखे गए शाइन बोर्ड एवं अन्य सामग्री को अभियान बतौर हटवाएँ। साथ ही दुकानदारों को साफ तौर पर समझाइश दी जाए कि वे सड़क पर अपनी दुकान की सामग्री न रखकर यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने में सहयोगी बनें। संभाग आयुक्त ने सड़कों व हॉकर्स जोन की साफ-सफाई पर भी विशेष बल दिया। श्री सक्सेना ने सड़क यातायात में बाधा बन रहे बिजली के खम्बों को व्यवस्थित कराने की हिदायत भी इस मौके पर दी। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना एवं पुलिस महानिरीक्षक श्री अविनाश शर्मा ने सड़कों पर खड़े होने वाले हाथ ठेलों को हॉकर्स जोन में पहुँचाने व वहाँ व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी वार्ड हैल्थ ऑफीसर और उप निरीक्षक/सहायक उप निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से सौंपी है। इन अधिकारियों को हर दिन प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक संबधित हॉकर्स जोन में पहुँचकर ठेलों को व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए गए हैं। संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि हाथ ठेलों की नम्बरिंग कराएँ, हॉकर्स जोन में हर ठेले को खड़े होने के लिये लाइन डालकर जगह निर्धारित कराएँ और ठेला मालिक के नाम से वेण्डर प्रमाण-पत्र भी जारी करें। अधिकारी द्वय ने बारादरी मुरार-एमएच रोड़ के बीच स्थित हॉकर्स जोन, सदर बाजार चौराहे के समीप स्थित हॉकर्स जोन और हजीरा इंटक मैदान स्थित हॉकर्स जोन में संबंधित क्षेत्र के सभी हाथ ठेला खड़े कराने के निर्देश दिए हैं। पुलिस महानिरीक्षक श्री अविनाश शर्मा ने संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के प्रमुख बाजारों की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में स्थानीय निवासियों का सहयोग भी लें। इसके लिये जनता के बीच के लोगों को यातायात प्रहरी बनाएँ। उन्होंने भ्रमण के दौरान स्थानीय निवासियों से कहा कि वे सड़क पर कचरा डालने वाले और यातायात में बाधा डालने वाले लोगों के फोटोग्राफ खींचकर वॉट्सएप पर भेजें। ऐसी सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई की जायेगी। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि हॉकर्स जोन में हाथ ठेला लगाकर फल-सब्जी इत्यादि का छोटा-मोटा व्यवसाय करने वाले कारोबारियों (स्ट्रीट वेण्डर) को प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के तहत 10 ङ्क 10 हजार रूपए की आर्थिक मदद दिलाएँ। उन्होंने इसके लिये हॉकर्स जोन परिसर में बैंकर्स के सहयोग से शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए।

## न्यूज़ ब्रीफ



### स्काउट-गाइड ने मनाया पावेल दंपत्ति का जन्म दिवस

**ग्वालियर।** संपूर्ण विश्व में स्काउटिंग के संस्थापक लार्ड बेंडेन पावेल एवं वेडेन पावेल का जन्म दिवस आज समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी भी आयोजित की गई। भारत स्काउट एवं गाइड के जिला -संभागीय मुख्यालय के कार्यक्रम में स्काउट , गाइड, रोवर रेंजर, छात्र छात्राएं आदि सम्मलित हुये। इस अवसर पर पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया, भारत स्काउट एवं गाइड की राज्य उपाध्यक्ष रेशु राजावत, संभागीय एएसओसी मदन मोहन गुप्ता, प्राचार्य मिसहिल स्कूल डॉ. एसपी सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला मुख्य आयुक्त बृजेन्द्र सिंह जादौन ने की। कार्यक्रम में जिला सहायक कमिश्नर विनय अग्रवाल, हैड क्वॉटर कमिश्नर प्रदीप गर्ग, अजय मिश्रा, डीओसी शंकर सिंह, आदि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जहां सर्वधर्म प्रार्थना सभा हुई वहीं पावेल दंपत्ति के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

### डॉ. निशांत जोशी ने प्रेस्टीज प्रबंधन संस्थान ग्वालियर के निदेशक का पदभार ग्रहण किया

**ग्वालियर।** प्रेस्टीज प्रबंधन संस्थान ग्वालियर में संस्थान के निदेशक का पदभार युवा एवं ऊर्जावान डॉ. निशांत जोशी को सौंपा गया है। डॉ. निशांत जोशी ने प्रेस्टीज प्रबंधन संस्थान, ग्वालियर में बतौर डायरेक्टर दिनांक 16.02.2021 को पदभार ग्रहण किया है। ज्ञात हो, इससे पहले डॉ. निशांत जोशी प्रेस्टीज एज्यूकेशन फाउण्डेशन के बैनरतले संचालित ऑटोनॉमस एवं नेक ग्रेड 'ए' एक्रीडेटेड संस्था, डिपार्टमेंट ऑफ लॉ में वर्ष 2017 से डायरेक्टर इंचार्ज के पद पर कार्यरत थे। डॉ. निशांत जोशी की अगुवाई में डिपार्टमेंट ऑफ लॉ, पीआईएमआर, इन्दौर ने मध्य प्रदेश में प्राईवेट लॉ एज्यूकेशन के क्षेत्र में अपना वर्चस्व स्थापित किया। डॉ. निशांत जोशी कुशल नेतृत्व के परिणामस्वरूप आज संस्थान में एक हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं एवं अपने सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर हैं।




## नये स्वच्छता सर्वेक्षण से पहले शहर को साफ रखने का संकल्प लें: शिवम वर्मा

**ग्वालियर।** ग्वालियर को स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर वन पर लाने के लिये नगर निगम सहित सभी शहर वासी संकल्पित हैं। नगर निगम अब कचरा कलेक्शन के लिये डोर टू डोर कलेक्शन पर ही जोर दे रही है। नगर निगम ग्वालियर ने अपने सभी विभागों में कसावट भी है और राजस्व वसूली पर भी जोर दिया है। जल्दी ही हम मार्च 21 वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर संपत्ति कर वसूली का लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे। उक्त जानकारी आज निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान दी। अपने कार्यकाल की दूसरी पत्रकार वार्ता में बाल भवन के सभागार में निगम आयुक्त शिवम वर्मा उत्साह से लबरेज दिखे। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि ग्वालियर डस्ट फ्री बनाया जाये, इसके लिये शहर की सडक़ों के साथ खाली जगहों पर हरित पटटी के साथ पेवर्स लगाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं समस्याओं को सुलझाने के लिये सदैव तत्पर रहते हैं, इसके लिये कोई भी नागरिक उन्हें सीधे भी जानकारी भेज सकता है। निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण का कार्य शहर में फिर शुरू होने वाला है, स्वच्छता सर्वेक्षण की टीमें जल्द ही ग्वालियर आ रही है। मेरा नागरिकों से अनुरोध है कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिये आप निगम को भरपूर सहयोग दें। उन्होंने कहा कि पूरे निगम अमले का भी प्रयास है कि स्वच्छता सर्वेक्षण में हमारी रेटिंग सुधरे। शिवम वर्मा ने बताया कि हम डोर टू डोर कचरा कलेक्शन पर जोर दे रहे हैं। इसमें अब दिक्कत न आये इसके प्रयास हैं इसके लिये 50 ट्रिपर गाडियां और आ रहीं हैं। अभी हमारे पास पर्याप्त मात्रा में वाहन है लेकिन खराब होने पर दिक्कत आती है।



## जमीन के नाम पर वकील से साढे सात लाख की ठगी

**ग्वालियर ।** एक नेता ने अभिभाषक को सात लाख रुपए का चूना लगा दिया। ठगी का पता चलते ही पीडित थाने पहुंचा और शिकायत की। पुलिस ने अभिभाषक की शिकायत पर धोखाधडी का मामला दर्ज कर लिया है।जानकारी के अनुसार गुना निवासी सिद्धार्थ तिवारी पुत्र बीपी तिवारी वकील हैं और वह ग्वालियर में प्रैटिस करते हैं। कुछ समय पूर्व उनकी मुलाकात् करैरा शिवपुरी निवासी रामसहाय यादव से हुई। रामसहाय ने उन्हें जनता दल यूनाईटेड का बडा नेता बताया और मुलाकात के बाद वह उनसे मिले और बताया कि उपचुनाव में उन्हें टिकट मिला है और चुनाव लडने के लिए कुछ पैसों की जरूरत है और वह करैरा में स्थित जमीन बेचना चाहते हैं। उनकी बातों में आकर वह जमीन लेने के लिए तैयार हो गए और जमीन पसंद भी आ गई। जमीन का सौदा सात लाख में हुआ था और उसका साढे सात लाख रुपए में सौदा तय कर लिया। इसके बाद वह जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए लगातार चक्कर काटते रहे, लेकिन वह टहलाता रहा। परेशान होकर जब जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह जमीन उनकी है ही नहीं तो रजिस्ट्री कैसे करते। ठगे जाने का अहसास होते ही पीडित रामसहाय के घर पहुंचा और पैसों की मांग की तो वह उसे टहलाता रहा। काफी परेशान होने के बाद पीडित थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। पुलिस ने पीडित की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## पुलिस ने अंधे कत्ल का किया पर्दाफाश कत्ल कर शव को जलाने वाले व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** ग्वालियर विगत दिनों थाना झांसीरोड़ क्षेत्रांर्तगत साईस कॉलेज परिसर मेंस्थित छात्रावास के पास सेफ्टिक टैंक से मिले शव की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अमित सांघी द्वारा एएसपी शहर दक्षिण श्रीमती हितिका वासल तथा सीएसपी विश्वविद्यालय रत्नेश तोमर के मार्गदर्शन में टीआई झांसीरोड़ पंकज त?यागी के नेतृत?व में टीम का गठन कर विगत 15 दिवस में हुई गुमशुदगी की बारदातों की छानबीन करने के लिए निर्देशित किया। थाना प्रभारी झांसीरोड़ द्वारा थाना बल की टीम के साथ विगत 15 दिवस में हुई गुमशुदगी की बारदातों में फरियादियों से शव से मिले सामान की शिनाख्त करवाई। शिनाख?तगी के दौरान पुलिस को ज्ञात हुआ कि थाना ग्वालियर में दर्ज गुमशुदगी रिपोर्ट 8 फरवरी में गुम महिला का हुलिया शव से मिलें सामान से मेल खाता है उक?त सूचना पर से थाना प्रभारी झांसीरोड़ ने गुम हुई महिला के परिजनों से घटना के संबंध मे पूछताछ की। पुलिस पूछताछ के दौरान महिला के परिजनों द्वारा एक व?यक्ति पर संदेह होना बताया। पुलिस द्वारा संदेह के आधार पर उक?त व?यक्ति को पकड़ कर उससे घटना के संबंध में सख?ती से पूछताछ करने पर पकड़े गये व्यक्ति द्वारा हत्या करना स्वीकार किया।






**व्यापार मेला की व्यवस्था के संबंध में गठित समितियों की बैठक सम्पन्न**

## मेला अवधि में अग्नि सुरक्षा के सभी उपाय किए जाएँ : कमिश्नर सक्सेना

**ग्वालियर।**

**संभागीय कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना एवं पुलिस महानिरीक्षक श्री अविनाश शर्मा ने श्रीमंत माधवराव सिंधिया व्यापार मेला के संबंध में आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मेला अवधि के दौरान अग्नि दुर्घटना को रोकने के लिये सभी सुरक्षा के उपाय किए जाएं। उन्होंने कहा कि आग बुझाने के सभी उपकरण तैयार रखे जाएं। इस संबंध में तैनात किए जाने वाले कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण दें तथा मॉकड्रिल करें।**



बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री किशोर कान्याल, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, एडीएम श्री रिंकेश वैश्य, मेला सचिव श्री निरंतर श्रीवास्तव तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि अभी मेले का समय रात्रि 9 बजे तक रखा गया है। इसके बाद एक मार्च की बैठक में मेले का आगे का समय तय किया जायेगा। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संबंध में बताया गया कि 27 फरवरी को भजन संध्या से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत होगी। इसके बाद के कार्यक्रम आगामी बैठक में तय किए जायेंगे। बैठक में कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना ने निर्देश दिए कि सांस्कृतिक समिति में संस्कृति विभाग एवं जन संपर्क विभाग को भी सदस्य के रूप में शामिल किया जाए। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि मेला परिसर में कुल 2266 दुकानें हैं, जिनका आवंटन कर दिया गया है। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि जिस व्यापारी को जो दुकान आवंटित की गई है उसी व्यापारी को दुकान लगानी होगी।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478